C O N T E N T S

Sixteenth Series, Vol. XIX, Ninth Session, 2016/1938 (Saka)
No. 14, Thursday, August 4, 2016/ Shravana 13, 1938 (Saka)

SUBJECT	PAGES
ORAL ANSWERS TO QUESTIONS	
*Starred Question Nos. 261 to 265	11-56
WRITTEN ANSWERS TO QUESTIONS	
Starred Question Nos. 266 to 280	57-114
Unstarred Question Nos. 2991 to 3220	115-578

* The sign + marked above the name of a Member indicates that the Question was actually asked on the floor of the House by that Member.

PAPERS LAID ON THE TABLE 580-584

MESSAGES FROM RAJYA SABHA
AND
BILL AS PASSED BY RAJYA SABHA 585-589

LEAVE OF ABSENCE FROM SITTINGS OF THE HOUSE 590

BUSINESS ADVISORY COMMITTEE 591

STATEMENTS BY MINISTERS

(i)(a) Status of implementation of the recommendations contained in the 16th Report of the Standing Committee on Coal and Steel on Demands for Grants (2015-16), pertaining to the Ministry of Mines

(b) Status of implementation of the recommendations contained in the 5 th Report of the Standing Committee on Energy on Demands for Grants (2015-16), pertaining to the Ministry of Power

Shri Piyush Goyal 592

(ii) Status of implementation of the recommendations contained in the 221st Report of the Standing Committee on Transport, Tourism and Culture on Demands for Grants (2015-16), pertaining to the Ministry of Shipping

Shri Pon Radhakrishnan 593

(iii) Measures taken by the Government regarding large number of Indians stranded in Jeddah, Saudi Arabia

Shrimati Sushma Swaraj 595-596

MATTERS UNDER RULE 377 650-671

(i) Need to provide details of utilization of Member of Parliament Local Area Development Scheme fund released for development works in respective parliamentary constituencies

Shri D.S. Rathod 651

(ii) Need to restart the Weaving Mill and Floor Glass Limited in Banda parliamentary constituency, Uttar Pradesh

Shri Bhairon Prasad Mishra 652

(iii) Need to provide stoppage of train no. 15105/06 at Mairwa railway station, Siwan district, Bihar

Shri Om Prakash Yadav 653

(iv) Need for dredging of rivers in Assam and West Bengal

Shri George Baker 654

(v) Need to pass the Constitution (117th Amendment) Bill, 2012 pertaining to reservation in promotion to SCs and STs

Shri Harish Meena 655

(vi) Need to conduct classes in double shift in Kendriya Vidyalayas in the country

Shri Rajendra Agrawal 656

(vii) Need to make Electrical Vehicles (EVs) more affordable

Shri Feroze Varun Gandhi 657

(viii) Regarding devastation caused by floods and erosion in Rohmoria in Assam

Shri Rameshwar Teli 658

(ix) Need to provide centres of various entrance examinations at Sagar, Madhya Pradesh

Shri Laxmi Narayan Yadav 659

(x) Need to expedite the setting up of a Kendriya Vidyalaya at Railway Complex, Sitapur, Uttar Pradesh

Shri Rajesh Verma 660

(xi) Need to expedite construction of border roads in Jammu and Kashmir

Shri Jugal Kishore 661

(xii) Need to sanction laying of new railway lines in Balaghat parliamentary constituency, Madhya Pradesh

Shri Bodh Singh Bhagat 662

(xiii) Need to provide appointment on compassionate ground to the widows of Martyrs of Defence forces

Kunwar Pushpendra Singh Chandel 663

(xiv) Need to relax the existing clearance procedure for overseas recruitment

Shri Anto Antony 664

(xv) Need to repeal the Armed Forces Special Powers Act

Dr. Thokcham Meinya 665

(xvi) Need to take suitable measures to provide succour to folk artists, poets and writers

Shri Tamradhwaj Sahu 666

(xvii) Need to operate Cuddalore Tiruchirapalli train from Tirupa-Puliyar railway station, Cuddalore

Shri A. Arunmozhithevan 667

(xviii) Need to declare the works and personal belongings of Dr. A.P. J. Abdul Kalam as National Treasure and Heritage

Shri A. Anwhar Raajhaa 668

(xix) Need to provide basic facilities in a timebound manner to all the enclave dwellers in Cooch Behar Parliamentary Constituency of West Bengal

Shrimati Renuka Sinha 669

(xx) Need to provide funds for two irrigation projects in Boudh district of Odisha

Shrimati Pratyusha Rajeshwari Singh 670

(xxi) Need to appoint a senior Solicitor in writ petition number 202 of 1995 and 1996

Shri Vinayak Bhaurao Raut 671

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2016-17 **672-886**

Shri K.C. Venugopal 675-685

Shri Hukum Singh 686-697

Shri C. Mahendran 698-703

Shri Abhishek Banerjee 704-713

Shri Bhartruhari Mahtab 714-725

Shri Mohammad Salim 726-733

Shri Gajanan Kirtikar 734-738

Shri Bheemrao B. Patil 739-743

Shri Y. V. Subba Reddy 744-747

Shri Nishikant Dubey 748-757

Shri Jai Prakash Narayan Yadav 758-760

Shri Nalin Kumar Kateel 761-763

Shrimati V. Sathyabama 764-767

Shri V. Elumalai 768-770

Dr. Ratna De (Nag) 771-776

Shrimati Jayshreeben Patel 777-778

Shrimati Rakshatai Khadse 779-781

Shri Mullappally Ramachandran 782-785

Shrimati Aparupa Poddar 786-787

Shri Vinayak Bhaurao Raut 788

Shrimati Poonamben Maadam 789-792

Shri Prem Singh Chandumajra 793-795

Shri Rameshwar Teli 796

Shri Subhash Chandra Baheria 797-798

Shri P.R. Sundaram 799-801

Shri E.T. Mohammed Basheer	802-805
Dr. Ramesh Pokhriyal Nishank	806-810
Shri D.K. Suresh	811-815
Shri R. Parthipan	816-819
Shri R. Dhruvanarayana	820
Shri S.P. Muddahanume Gowda	821-822
Shri Kaushalendra Kumar	823-825
Shri Charanjeet Singh Rori	826-827
Dr. Bharatiben D. Shyal	828-830
Shri B.N. Chandrappa	831-833
Shri N.K. Premachandran	834-838
Shri Bhairon Prasad Mishra	839
Shri Naranbhai Kachhadia	840-841
Shri Bishnu Pada Ray	842-843
Shri Rajesh Ranjan	844-845
Shri Gopal Shetty	846
Shri Rajeev Satav	847-848
Shri Shrirang Appa Barne	849-850
Shri Jugal Kishore	851
Dr. Kirit Somaiya	852
Shri K. Parasuraman	853-856
Shri M. Murli Mohan	857-861
Shri Arun Jaitley	862-880
Demands – Voted	886

APPROPRIATION (No. 3) BILL, 2016 887-888

Motion to introduce 887

Motion to Consider 887

Clauses 2, 3 and 1 888

Motion to Pass 888

ANNEXURE – I

Member-wise Index to Starred Questions 889

Member-wise Index to Unstarred Questions 890-896

ANNEXURE – II

Ministry-wise Index to Starred Questions 897

Ministry-wise Index to Unstarred Questions 898

OFFICERS OF LOK SABHA

THE SPEAKER

Shrimati Sumitra Mahajan

THE DEPUTY SPEAKER

Dr. M. Thambidurai

PANEL OF CHAIRPERSONS

Shri Arjun Charan Sethi

Shri Hukmdeo Narayan Yadav

Shri Anandrao Adsul

Shri Pralhad Joshi

Dr. Ratna De (Nag)

Shri Ramen Deka

Shri Konakalla Narayana Rao

Shri Hukum Singh

Shri K.H. Muniyappa

Dr. P. Venugopal

SECRETARY GENERAL

Shri Anoop Mishra

LOK SABHA DEBATES

LOK SABHA

Thursday, August 04, 2016/Shravana 13, 1938 (Saka)

The Lok Sabha met at Eleven of the Clock

[HON. SPEAKER *in the Chair*]

ORAL ANSWERS TO QUESTIONS

HON. SPEAKER: Q. No. 261. Shri Konakalla Narayana Rao.

(Q. 261)

SHRI KONAKALLA NARAYANA RAO: Hon. Speaker, the Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana, the scheme launched by the Central Government to provide uninterrupted power supply to the rural areas, the scheme will enable the Government to initiate much awaited reforms in the rural areas. Focusing on rural households, agriculture under the leadership of our hon. Chief Minister, Shri Chandrababu Naidu, the State of Andhra Pradesh has been fully electrified under the scheme like the Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana. … (*Interruptions*)

11.01 hours

(*At this stage, Shrmati Renuka Butta and some other hon. Members came and stood on the floor near the Table.*)

SHRI KONAKALLA NARAYANA RAO: In the coastal areas there is a lot of aqua-culture… (*Interruptions*) activity being practiced by these people. … (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Everyday this is not fair. You please go back to your seats.

SHRI KONAKALLA NARAYANA RAO: There is a need for uninterrupted high quality power supply to these areas. However, this is not the case. People are still using diesel engines in aqua-culture which, in turn, increases the investment costs. If the Government can provide power to these aqua-culture practitioners, then it can help improve their incomes and bring them out of poverty. Is there any proposal under the scheme to provide electricity at subsidized rates to poor households practicing aqua-culture residing in the coastal areas of Andhra Pradesh including my Parliamentary constituency Macchilipatnam?

SHRI PIYUSH GOYAL: Madam Speaker, the electricity tariff is determined by the State Regulatory Commission. The State DISCOM has to file a petition and

the Regulatory Commission determines the tariff. Any concession required to be given for aqua-culture can only be decided between the DISCOM and the Regulatory Commission. However, our approach has been to make sure that there is adequate availability of power. I am happy to inform the House, through you, the State of Andhra Pradesh has power surplus today and every household in Andhra Pradesh gets full power all the time. The villages in Andhra Pradesh are completely electrified. At the same time industries get electricity all the time; farmers get adequate electricity. In that sense, the State of Andhra Pradesh has been a performing State as far as these schemes are concerned.

HON. SPEAKER: Shri Konakalla Narayana Rao, do you have a second Supplementary?

SHRI KONAKALLA NARAYANA RAO: Madam, no.

HON. SPEAKER:Shrimati P.K.Sreemathi Teacher --- Absent.

Shri Ramesh Bais.

श्री रमेश बैस: माननीय अध्यक्ष जी, मैं माननीय मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि पहले राजीव गांधी विद्युतीकरण में गांवों में खम्भे खड़े कर दिये गये हैं, लेकिन उनमें तार नहीं बिछाये गये हैं। कृषि के लिए अलग से लाइन बिछाने की योजना थी। उसमें भी खम्भे खड़े हुए हैं, लेकिन तार नहीं लगे हैं। छत्तीसगढ़ में जो आपने आंकड़े दियें हैं, मैं जानना चाहता हूं कि विद्युतीकरण का काम कब तक पूरा हो जाएगा और जो खम्भे खड़े हैं, उनमें तार कब तक लग जाएगा? क्या कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है?

श्री पीयूष गोयल : माननीय अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य पर्टिकुलरली किस प्रोजैक्ट की बात कर रहे हैं, उसकी जानकारी स्वाभाविक है कि अभी मिल नहीं सकती है, लेकिन अगर आप मुझे कहें कि ऐसे खम्भे कहाँ पड़े हैं तो मैं उसकी भी जानकारी दे सकता हूँ। हो सकता है कि वे नए गाँव हों जहाँ विद्युतीकरण का काम हो रहा है और वर्क इन प्रोसैस हो। जब हम देश भर की परिस्थिति देखते हैं तो बहुत दुर्भाग्य से बताना पड़ता है कि आज आज़ादी के इतने वर्ष बाद जब प्रधान मंत्री जी ने 1 अप्रैल, 2015 को निरीक्षण किया, तो 18452 गाँव ऐसे पाए गए जहाँ बिजली का कनैक्शन नहीं हुआ था। तब इसको मिशन मोड में लेकर तय किया कि हर गाँव तक बिजली पहुँचाएँगे। मुझे आपके माध्यम से माननीय सांसद को बताते हुए खुशी होती है कि छत्तीसगढ़ राज्य में 16-17 जून, 2016 को जो पॉवर मिनिस्टर्स कॉनफ्रैन्स हुई थी, उसमें सभी राज्यों के साथ यह रिज़ॉल्व किया गया कि छत्तीसगढ़ में मार्च 2017 तक सभी गाँवों में बिजली पहुँच जाएगी।

जहाँ-जहाँ ये खम्भे लगे हुए हैं या आधे-अधूरे हैं, वह काम भी पूरा हो जाएगा। मात्र कुछ नक्सल या माओवादी इलाके रह जाएँ जो घने जंगलों के बीच हैं, उनको शायद थोड़ा समय और लग सकता है। उनको छोड़कर बाकी सब गाँवों तक बिजली शत-प्रतिशत तक पहुँच जाएगी।

SHRI ASHOK SHANKARRAO CHAVAN: Madam Speaker, according to the Rural Electrification Corporation which is the nodal agency for the implementation of the Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana, as long as in a village, in the public places and 10 per cent of its households have access to electricity, the village would be considered electrified. Usually, standards and definitions are updated every 10 years. The definition of electricity has been taken from the 2004 guidelines and therefore it is high time that these guidelines are revised and the companies are accountable to the people, this Government needs to alter the definition, either by increasing the required percentage of electrification or move to more multi-dimensional matric that takes into account various factors of electrification. It can be inferred that 100 per cent electrification does not necessarily mean that every household in the village is electrified. Various newspaper reports suggest that there is no such thing as 100 per cent electrification. I would like to know from the hon. Minister whether the Government intends to alter the definition of electrification which currently restricts itself to 10 per cent of total number of households in the village in order to give a comprehensive picture of rural electrification under the Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana.

SHRI PIYUSH GOYAL: Madam Speaker, I appreciate the point that the hon. Member has raised. The definition has been provided in 2004-05. A village is deemed as electrified once basic infrastructure such as distribution, transformers and distribution lines are provided in the village, electricity is provided to public places and 10 per cent of the households get electricity.

Madam, this Government believes that this is the right of every household to get adequate power and every farmer must be provided electricity in time to do his irrigation activity. Therefore, the hon. Member would be happy to know and

the hon. Members of the House, through you, make kindly note that under the Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana, while as a first step, power is being taken to every village and there are 18452 villages where we still have to reach power. Simultaneously we are intensifying the efforts to saturate power through the whole village and therefore under this Deen Dayal Upadhyaya Gram Jyoti Yojana we have expanded the scope of rural electrification to also include separate electricity feeders to farmers through separation of feeders, just like it was successfully done in the State of Gujarat, to strengthen and augment the sub-transmission and distribution infrastructure, to ensure quality and reliability of power, meeting of feeders, distribution transformers and consumers for energy audit so that power theft and A&T losses can come down and provide electric connection to every household, be they in *Majras, tolas, dhanis* and *karas*. So, we are trying to cover the entire spectrum. I would like to urge the hon. Members to go to the GARV App, in the GARV app while we were originally capturing only the data of unelectrified villages where we are taking electricity, now we are also started capturing how many of those villages which were unelectrified now have 100 per cent DT capacity so that all the houses can be electrified. As of today 4510 out of 18452 villages have enough capacity to take 100 per cent household electricity.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव: अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे बोलने का मौका दिया, इसके लिए बहुत धन्यवाद।

माननीय मंत्री जी से हम जानना चाहते हैं कि 'दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण ज्योति योजना' के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में कार्य हो रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र बांका, बिहार में अल्ट्रा मेगा पावर विद्युत प्रोजेक्ट की 30,000 करोड़ रुपए की लागत पर मंजूरी हुई है। पानी के लिए सुलतानगंज, गंगा की मंजूरी हुई है और कोल ब्लॉक के लिए पीरपैंती की मंजूरी हुई है। माननीय मंत्री जी इसमें इनिशिएटिव भी ले रहे हैं। इसमें कब तक कार्य प्रारंभ किया जाएगा और कब तक केन्द्र और राज्य सरकार मिल कर इस कार्य को अंजाम देंगे, यह हम माननीय मंत्री जी से जानना चाहते हैं।

श्री पीयूष गोयल : मैं माननीय सांसद जी को बताना चाहूंगा कि ये यू.एम.पी.पी. प्रोजेक्ट्स, पहले चार की संख्या में बिड-आउट हुए थे। लेकिन, इसमें से मात्र दो ही लग पाए, बाकी लग नहीं पाए क्योंकि उनमें विभिन्न प्रकार की समस्याएं आई थीं। साथ ही साथ, दो और प्रोजेक्ट्स की बिडिंग प्रोसेस शुरू की गयी थी, लेकिन जो पुराना बिडिंग डॉक्यूमेंट था, उसके अनुभवों के कारण जो बैंक्स थे, वे उसके लिए लोन देने के लिए नामंजूर थे। वे कह रहे थे कि हमारी जो लोन की सिक्यूरिटी है, वह पूरे तरीके से अच्छी नहीं है, हमारा लोन सिक्योर्ड नहीं है। इसलिए हमने पाया कि दो बिड्स में लगभग सभी बिडर्स चले गए थे और मात्र एक-एक बिडर रह गया था, जिससे सही मायने में सस्ती बिजली का जो हमारा लक्ष्य है, वह पूरा नहीं होता था। हमने प्रत्यूष सिन्हा, फॉर्मर सी.वी.सी. की अध्यक्षता में एक कमेटी बनाई थी। उन्होंने सभी स्टेकहोल्डर्स, सभी लोगों, सभी उपभोक्ताओं और राज्य सरकारों के साथ कंसल्टेशन की और बिडर्स की पोटेंशिएल पर भी कंसल्टेशन की, ताकि लोग उसमें आकर निवेश कर सकें। सबकी कंसल्टेशन के बाद एक ऐसा नया डॉक्यूमेंट, जो बैंकेबल हो, जिस के ऊपर ऋण मिलना संभव हो, ऐसा डॉक्यूमेंट तैयार किया गया है। फाइनल शेप देने के लिए उसकी अभी स्टडी की जा रही है। जल्दी ही उसे कैबिनेट की मंजूरी मिलेगी। जैसे ही कैबिनेट की मंजूरी मिलती है, वैसे ही हम बांका के प्रोजेक्ट की बिडिंग की प्रोसेस शुरू करेंगे और वहां पर निवेश होगा, मुझे इसका पूरा विश्वास है।...(व्यवधान)

(Q. 262)

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी: अध्यक्ष महोदया, धन्यवाद। माननीय मंत्री जी ने बहुत विस्तृत रूप से जवाब दिया है और मैं आपके माध्यम से सरकार के प्रति आभार प्रकट करना चाहता हूं।

आज़ादी के बाद से अब तक लगभग साढ़े तीन करोड़ आवास दिए हैं, लेकिन इस सरकार ने अपने एक वर्ष के कार्यकाल के अन्दर ही आने वाले तीन वर्षों के अन्दर एक करोड़ और आने वाले सात वर्षों के अन्दर तीन करोड़ आवास उन गरीबों को देने का निश्चय किया है, इसके लिए मैं अपनी ओर से सरकार को धन्यवाद अर्पित करता हूं। मुख्य रूप से, 70,000 रुपए से डेढ़ लाख रुपए और 20-25 वर्गमीटर ज़मीन में आवास बनाने के लिए आपने निर्णय किया है। आपने 25 वर्गमीटर को मैनडेटरी कर दिया कि इतनी ज़मीन होनी चाहिए। इसमें मेरा एक छोटा प्रश्न है कि कई बार गांव के गरीब लोगों के पास 18 वर्गमीटर, 20 वर्गमीटर या 22 वर्गमीटर ज़मीन होती है, तो सरकार के द्वारा इसके नियमों में ढील देकर उस गरीब के पास जितनी ज़मीन है, उस पर आवास बनाने के लिए क्या कोई प्रावधान किया गया है, यह मैं आपके माध्यम से जानना चाहता हूं।...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव: अध्यक्ष महोदया, भारत सरकार ने और खास तौर पर माननीय प्रधानमंत्री जी ने देश के गरीबों के मक़ान के लिए प्रयास प्रारंभ किए हैं और राशि भी आबंटित की गयी है। जैसा कि माननीय सदस्य ने कहा कि पहले की जो व्यवस्था थी, उस व्यवस्था के अंतर्गत जो राशि दी जा रही थी, उसमें बढ़ोतरी करने का काम किया है। पहले जो व्यवस्था 70,000 रुपए और 75,000 रुपए की थी, अब उसे बढ़ाकर हम लोगों ने 1,20,000 रुपए, शौचालय के लिए अलग से 12,000 रुपए और मनरेगा के स्तर से 90 और 95 दिनों की राशि, जो लगभग 18,000 रुपए आती है, सबको जोड़कर इसके लिए लगभग 1,50,000 रुपए की व्यवस्था की है। यह मानक था कि 20 वर्ग मीटर के अंदर ही आवास का निर्माण किया जाए। माननीय प्रधानमंत्री जी ने निर्देशित किया है कि मकान थोड़ा कंफर्टेबल होना चाहिए, बड़े इलाके में होना चाहिए, उसको 25 मीटर कर दिया गया। माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि वर्ष 2022 तक देश के जितने भी गरीब लोग हैं, सामाजिक, आर्थिक और जातीय जनगणना, 2011 के आधार पर उन सबके मकान बनाएंगे और वर्ष 2019 तक एक करोड़ मकान देने का हम काम करेंगे। उसी पर हमने कार्रवाई प्रारम्भ कर दी है। हमारी प्रतिबद्धता है कि हम प्रधानमंत्री जी के निर्देश पर वर्ष 2022 तक सब गरीबों को मकान दें और वर्ष 2019 तक हम लगभग एक करोड़ मकान आबंटित करने का काम करेंगे। उसी प्रतिबद्धता के अनुसार हम लोगों ने काम प्रारम्भ कर दिया है।

यह योजना वर्ष 1985 से शुरू हुई थी। अब तक लगभग 3 करोड़ 60 लाख मकान बने हैं। वैसे फुलफ्लेज में यह योजना इंदिरा आवास योजना के नाम से वर्ष 1996 से प्रारम्भ हुई, अब इसे प्रधानमंत्री आवास योजना कर दिया गया है। सरकार और माननीय प्रधानमंत्री जी की प्रतिबद्धता है कि गरीबों का जीवन स्तर उठे। गरीबों, गांव के गरीबों के उसी जीवन स्तर को उठाने के लिए योजना को हम लोगों ने लाने का काम किया है और समय पर इस काम को हम पूरा करेंगे।

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी: महोदया, प्रमुख रूप से बीपीएल सूची, जिसमें कई गड़बड़ियां थीं, उसको हटाकर आपने वर्ष 2011 की आर्थिक और सामाजिक जनगणना के आधार पर यह निर्णय लिया कि उस सूची में जो नाम होगा, उसे हम लेंगे। 13 मानकों को लेकर हम लोगों ने इस दिशा में काम शुरू किया है। वर्ष 2011 की उस सूची में भी कई ऐसे पात्र लोग हैं, जो उस सूची में नहीं जुड़ पाए। उसमें हम देखते हैं कि एक्स कोई रामलाल है और उसके परिवार में चार सदस्य हैं। इसमें एक प्रावधान यह है कि एकल पुरूष कोई है, विधुर है, तो उसके नाम पर हम देते हैं, बाकी महिला के नाम पर यह आवास होता है। कई बार ऐसा होता है कि जिसकी दो पत्नियां हैं या नाता प्रथा के कारण कोई चला गया, तो उसके बाद किस मेंबर को इसमें लिया जाएगा? यह इसकी गाइडलाइन में स्पष्ट नहीं है। मूल रूप से राजस्थान में फील्ड में कई प्रकार की समस्यायें आती हैं। वर्ष 2011 की सूची में जो लोग नहीं आ पाए और जो इसके पात्र लोग हैं, उनको ठीक प्रकार से जोड़ने का क्या कोई प्रावधान किया है?

श्री राम कृपाल यादव : मैडम, इसकी भी व्यवस्था सरकार के स्तर पर की गई है। जिला स्तर पर, ग्राम पंचायत स्तर पर या ब्लॉक स्तर पर नामित विहित प्राधिकारी द्वारा उनकी जॉच होगी, जिन लोगों का नाम छूट गया है। वैसे तो राज्य की सरकारों के ऊपर दायित्व था। राज्य की सरकार की एजेंसी ने ही जाति, सामाजिक और आर्थिक आधार पर गणना की थी। मैं समझता हूं कि गणना के बाद जो सूची जारी की गई, उसके बाद राज्यों को यह अधिकार दिया गया था कि आप उसमें सुनवाई करें और जिन लोगों का नाम छूट गया है, उनके नामों को जोड़ने का काम करें। सरकार ने गभीरता से निर्णय लिया, क्योंकि सरकार की खास तौर से यह मंशा है कि जो इसके पात्र नहीं, उनको मकान न मिले। इसलिए सरकार ने गाइडलाइन जारी की है और विहित प्राधिकारी नामित करने का काम किया है। ग्राम सभा है, ब्लॉक स्तर पर बीडीओ है और जिला स्तर पर तीन सदस्यीय, डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट या फिर डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट के जो नामिनी हैं तीन सदस्य, वहां वे अपील करेंगे और फिर वहां जो सूची आएगी, केन्द्र सरकार निश्चित तौर पर जो प्रक्रिया है, उसके अनुसार उस पर विचार करने का काम करेगी।

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: अध्यक्ष महोदया, आपने मुझे प्रश्न पूछने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। यह हमारे ग्रामीण अंचल में बसे हुए सभी गरीब परिवारों के लिए एक बहुत महत्वपूर्ण योजना है। मेरा प्रश्न हरियाणा को लेकर है। पहले तो मैं आपको धन्यवाद करता हूं कि मिनिस्ट्री की वेबसाइट पर सारे आंकड़े रहते हैं। हरियाणा में प्रियदर्शिनी आवास योजना के नाम से योजना चलाई जा रही थी, जिसमें 91 हजार रुपए गरीब परिवारों को आबंटित किया जाते थे। इसमें एससी के परिवार, बीपीएल के परिवार होते थे। पिछले तीन वर्षों के हम आंकड़े देखें, कल ही मैंने मिनिस्ट्री की वेबसाइट से ये आंकड़े निकाले हैं। वर्ष 2013-14 में 73 हजार घरों का आबंटन किया। वर्ष 2014-15 में आपकी सरकार आने के बाद यह घटकर 2,637 पर रह गया और वर्ष 2015-16 में यह आंकड़ा सिर्फ 25 मकानों तक है।

इसी प्रकार से जो इन्दिरा आवास योजना के नए मकान हैं, उनका भी वर्ष 2013-14 में आँकड़ा 73,176 है।...(व्यवधान) वर्ष 2014-15 में 18,029 का आँकड़ा है और वर्ष 2015-16 में उनका आँकड़ा 14,057 है।...(व्यवधान) ये आँकड़े मंत्रालय की वेबसाइट से मैंने कल रात को ही निकाले हैं।...(व्यवधान) इसका क्या कारण है कि इतनी तेजी से जो नए घर बनाए जा रहे हैं, चाहे प्रियदर्शिनी आवास योजना हो, जो हरियाणा सरकार की योजना थी या इन्दिरा आवास योजना, जो केन्द्र सरकार को टॉपअप करके प्रियदर्शिनी आवास योजना बनाई गई, उनमें इतनी तेजी से गिरावट क्यों आई?...(व्यवधान) हरियाणा के लिए इसके बारे में आप क्या करने जा रहे हैं? मेरा दूसरा प्रश्न यह है।...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : बस एक ही प्रश्न पूछना है।

...(व्यवधान)

श्री दीपेन्द्र सिंह हुड्डा: वर्ष 1985 से इसका नाम इन्दिरा आवास योजना था।...(व्यवधान) बहुत सी सरकारें बनीं, सभी दलों की सरकारें बनीं, किसी को आपत्ति नहीं थी।...(व्यवधान) इन्दिरा गाँधी जी हमारे देश की एक शहीद प्रधान मंत्री रही हैं।...(व्यवधान) मैं पूछना चाहता हूँ कि इस योजना का नाम बदलने के पीछे क्या कारण रहा है?...(व्यवधान)

माननीय अध्यक्ष : एक ही प्रश्न पूछना है, दो प्रश्न नहीं पूछने हैं।

...(व्यवधान)

श्री राम कृपाल यादव : महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह बताना चाहता हूँ कि इन्दिरा आवास योजना के अलावा या अब प्रधान मंत्री आवास योजना के अलावा भी कई राज्यों ने अपने स्तर पर अपनी आवास योजना भी चलाने का काम किया है।...(व्यवधान)

इन्दिरा आवास के तहत अपनी योजनाओं के माध्यम से कई ऐसे राज्य हैं, जिन्होंने मकान बनाने का काम किया है।...(व्यवधान) वर्तमान में जो हमने आँकड़ा लिया है, जो गणना की है, राज्यों के आधार पर जो गणना की प्रक्रिया थी, उसके आधार पर किया है।...(व्यवधान) यह जो आप वेबसाइट पर देख रहे हैं कि संख्या कम रही है, उसका कारण यही है कि आज के दिन तक हमने उसको निकालने का काम किया है।...(व्यवधान) जो मकान पहले सूची में थे और बाद में जो मकान राज्य सरकार की अपनी योजना के माध्यम से बना लिए गए या फिर इन्दिरा आवास योजना के माध्यम से बना लिए गए, उन योजनाओं में जो मकान बन गए, उनको मायनस करके अब जो अप-टू-डेट आँकड़ा है, उसे हमने वेबसाइट पर रखने का काम किया है।...(व्यवधान) उसके अनुसार हम राज्यों को राशि आबंटित करेंगे।...(व्यवधान)

DR. J. JAYAVARDHAN: Hon. Madam Speaker, as per the available data, Tamil Nadu has 21.83 lakh kutcha houses in the rural areas. In addition, Tamil Nadu has been affected by various natural calamities like cyclones and floods. So, there is a huge demand for the rural poor to have protected shelter.

To achieve the goal of Housing for All by 2022 by the Central Government, our hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma has requested the hon. Prime Minister that under the PMAYG, two lakh houses may be allotted for Tamil Nadu for the year 2016-17 onwards.

I would like to know the steps taken by the Minister of Rural Development in this regard.

श्री राम कृपाल यादव : महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को यह आश्वस्त चाहता हूँ कि जो पात्रता है, उसके अनुसार हम लोगों ने पूरे देश के पैमाने पर आँकलन किया है।...(व्यवधान) जो मेरे पास आँकलन है, उसके अनुसार यह सुनकर माननीय सदस्य को प्रसन्नता होगी कि भारत सरकार ने जो राशि आबंटित करने का काम किया है, 11 ऐसे राज्य हैं, जहाँ अधिक राशि जा रही है, चूँकि जो हमारा मानक है, उसके अनुसार वहाँ पात्रता अधिक है।...(व्यवधान) कई ऐसे राज्य हैं, लगभग 11 राज्य हैं, जिनमें बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड, पश्चिम बंगाल, असम है।...(व्यवधान) उनमें तमिलनाडु भी है।...(व्यवधान) मैं समझता हूँ कि तमिलनाडु में राशि आबंटित की गई है।...(व्यवधान) तमिलनाडु में एस ई सी सी का जो डाटा है, उसके आधार पर एक लाख 87 हजार 94 आवास आबंटित किए गये है।...(व्यवधान) यह आवास वर्ा 2016-17 में आबंटित किये गये है, जिसकी चर्चा मैंने की

है।...(व्यवधान) जो राशि दी जा रही है, उसमें तमिलनाडु को इसके आधार पर ही राशि जाएगी, जो दूसरे कई राज्यों से अधिक राशि होगी।...(व्यवधान)

श्री सुधीर गुप्ता: महोदया, आपने मुझे राष्ट्र के इस अतिमहत्वपूर्ण प्रश्न पर प्रश्न पूछने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूँ।...(व्यवधान) मैं माननीय मंत्री महोदय से जानना चाहता हूँ कि आज देश में प्रधान मंत्री आवास योजना के तहत बहुत सुन्दर तरीके से मकान बनाने का लक्ष्य लेकर हम आगे बढ़े हैं।...(व्यवधान) इसके अन्तर्गत व्यक्तिगत रूप से कार्य करने के लिए सीएसआर एक्टिविटी, पीपीपी मोड में या बैंकों को या स्वयं अपने वित्तीय साधन जुटाकर इन मकानों में धनराशि लगा दें, क्या आपने ऐसे अवसर प्रदान किए हैं?...(व्यवधान) आज मध्य प्रदेश के अन्दर माननीय मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान जी ने जो मुख्यमंत्री आवास योजना बनाई है, उसमें बैंकों को भी वित्तीय सुविधाएं देते हुए उन मकानों के निर्धारण का अवसर प्रदान किया है।...(व्यवधान)

मध्य प्रदेश में एक और उदाहरण है।...(व्यवधान) निजी एनजीओ काश्यप जी ने वहां ऐसे मुख्य मंत्री आवास योजना के तहत अपना धन लगाया है और एक बेहतर प्रकल्प सामने रखा है। क्या आपने इनमें ऐसी सुविधाओं को जोड़ने का कार्य किया है?

श्री राम कृपाल यादव : महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदस्य को बताना चाहता हूं कि राज्यों ने भी अपने-अपने स्तर पर अपनी योजना चलाने का काम किया है। लेकिन सरकार की जो प्रतिबद्धता है, हम लगभग 12 हजार रुपये, जिसकी मैंने चर्चा की, शौचालय के लिए, मनरेगा से एक लाख 20 हजार रुपये आवास हेतु सहायता के रूप में देंगे। इसके अलावा भी अगर कोई व्यक्ति इच्छा जाहिर करे तो हम गारंटर बनेंगे और बैंकों के माध्यम से लगभग 70 हजार रुपये अलग से लोन दिलवाने की व्यवस्था करेंगे ताकि वह अपनी इच्छा अनुसार मकान बनाने का काम करे।

मैं समझता हूं कि हाउस के डिज़ाइन के लिए 18 राज्यों में काम चल रहा है जिसमें मध्य प्रदेश भी शामिल है। जब डिज़ाइन आएगा तो हम उसे ऐप्रूवल देकर उसी तरह राशि आवंटित करने का काम करेंगे।

(Q. 263)

KUMARI SUSHMITA DEV : Madam Speaker, the River Ganga is our pride, but we also know that it is the fifth most populated river in the world. The project Namami Ganga Mission is an ambitious plan to be completed by 2020. The primary reason for the pollution is the sewerage and industrial waste. I have seen the answer given by the hon. Minister on the Unstarred Question of 21st July, wherein it had been stated that 58 projects are sanctioned to create 808.23 MLD new STP and there is a rehabilitation of 1,089.00 MLD of STP.

Madam, in the past, when the Ganga Action Plan was there, heavy dependency on sewerage treatment did not succeed for two reasons. One was the implementation; and the second was the lack of power supply to these plants. I appreciate Madam that the Government has this time made a change by relying market based mechanisms like private players are coming in and the private companies are coming in for the implementation of STPs

My specific question to the hon. Minister is this. Does the Government have any plan in addressing the acute shortage of power supply, which has affected the performance of the STP in the past,

संजीव बालियान : अध्यक्ष महोदया, इस बार जो चेंज है, जैसे माननीय सदस्य ने खुद बताया कि जो एसटीपी लगेंगे, उनकी 15 साल की मेनटेनैंस और रनिंग उसी कम्पनी द्वारा की जाएगी जो उन्हें ऐस्टैबलिश करेंगी। अगर कहीं बिजली की शार्टेज है तो जनरेटर की सुविधा देनी है या क्या करना है, यह उसी कम्पनी को देखना है जिसे 15 साल तक एसटीपी को रन करना है। उसके बाद वहां की कनसर्न्ड नगरपालिका को इसकी व्यवस्था करनी है।

KUMARI SUSHMITA DEV: Madam Speaker, rivers raise very serious issues of environment. I have seen that the Ministry has commissioned one project on biodiversity conservation and the Ganga Rejuvenation through WII. But the Government of India, at the same time, has declared a scheme called 'Jal Marg Vikas.' Under this scheme 1,620 kilometres of the River Ganga will be dredged and 1500 tonnes vessels will navigate through this partition of the River Ganga.

I would like to ask the hon. Minister whether the Government has considered the impact of this on the fish and other aquatic biodiversity of this scheme – Jal Marg Vikas Scheme on the River Ganga

जल संसाधन, नदी विकास और गंगा संरक्षण मंत्री (सुश्री उमा भारती) : अध्यक्ष महोदया, मैं मांफी मांगना चाहती हूं, मैंने जवाब देने के लिए राज्य मंत्री जी को निर्धारित किया था लेकिन गंगा के प्रति लगाव होने के कारण मैं स्वयं आ गई क्योंकि मुझे गंगा से बहुत लगाव है। ...(व्यवधान) मैंने इसी सदन में एक बार उत्तर दिया था कि गंगा निर्मल हो गई, गंगा दुनिया की पांच नहीं है बल्कि दस सबसे प्रदूषित नदियों में से एक मानी जाती है। गंगा निर्मल हो गई यह हम किसी लैब से प्रमाणित नहीं करेंगे बल्कि जो जल जन्तु जहां होना चाहिए, यदि वह वहां होगी तो वही गंगा की जीवनशक्ति का प्रमाण होगा। हमने एक्वालाइफ के नाम से सिफरी के साथ करार करके एक प्रोजेक्ट शुरू किया है। दुर्भाग्यपूर्ण रूप से इसी में गंगा की कहानी भी निहित हुई। गंगा में एक समय स्नोट्राऊट मिलती थी जो खत्म हो गई। गंगा में गोल्डन फिश मिलती थी वह भी खत्म हो गई, गंगा में हिलसा नाम की मछली थी जो बहुत बड़ी संख्या में लोगों की आजीविका का कारण थी। मैं बहन सुमित्रा और सदन को जानकारी देना चाहती हूं कि हिलसा मछली पहले चम्बल तक आती थी और लाखों मछुआरों के लिए रोजगार का साधन था। लेकिन फरक्का बैराज के कारण आवागमन रुक गया क्योंकि वह प्रजनन के लिए मीठे पानी की तरफ बढ़ती थी और फरक्का बैराज के उस तरफ खारा पानी आता था। मैं सदन को जानकारी देना चाहती हूं कि हम फरक्का बैराज में फीश लैडर बना रहे हैं ताकि वापस हिलसा मछली चम्बल तक आ सके और लाखों मछुआरों को रोजगार मिल सके और उनकी जीवन रक्षा हो सके। ...(व्यवधान)

प्रदूषण के कारण डॉल्फिन अंधी हो गई हैं और यह कहानी लगभग सवा साल की है कि गंगा के अंदर डॉल्फिन अंधी हो गई क्योकि वह प्रदूषण के कारण देख नहीं सकी तो उसे चीजों को समझने के लिए मस्तिष्क की दूसरी शक्तियों का विकास करना पड़ा उसने नेत्रों का उपयोग करना बंद कर दिया। एक बार सुनिश्चित होने के बाद आंखों वाली डॉल्फिन को गंगा में छोड़कर देखेंगे और अगर वह नेत्रहीन नहीं हुईं तो मान लेंगे की गंगा की जीवंतता यथावत हो गई है। हमने सौ जगहों पर गंगा के कार्यक्रमों को लॉंच किया है उसमें एक्वालाइफ के भी तीनी प्रोजेक्ट लांच किए हैं। जिसमें हम इन सारी मछलियों की प्रजाति का ध्यान रख रहे हैं जिसमें स्नोट्राऊट, गोल्डन फिश और महाशिप, ये इसलिए खत्म हो गईं क्योंकि महामना मदन मोहन मालवीय ने ब्रिटिश गवर्नमेंट के साथ करार किया था। सारे इकोलॉजिकल एक्सपर्ट का कहना था, गंगा में कोई भी प्रोजेक्ट बने, मैंने कभी गंगा में पॉवर प्रोजेक्ट या इरिगेशन प्रोजेक्ट का विरोध नहीं किया है। ...(व्यवधान) हमने कहा कि महामना के करार का सम्मान किया जाना चाहिए। हम पर्यावरण को

लेकर एकमत थे कि गंगा की अविरलता टूटनी नहीं चाहिए। अविरलता टूटने से ही सारी प्रजातियां समाप्त हो गईं। अब हमने तय किया है कि कोई भी नया प्रोजेक्ट लगेगा उसे तीनों मंत्रालय मिल कर तय करेंग। हम महामना के करार का सम्मान करेंगे ताकि मछलियों की जीवनशक्ति बनी रहे। इसके साथ ही साथ गंगा की निर्मलता का मामला माननीय सदस्या ने उठाया है उसका संबंध भी अविरलता से है और उस अविरलता के लिए नरौरा से निकलने वाला पानी, हंथनी कुंड से यमुना का निकलने वाला पानी, हम राज्यों के साथ संवाद कर रहे हैं कि वहां पर इरिगेशन के लिए हाईटेक टेक्नोलॉजी अपनाई जाए। उससे हम 60% पानी बचा सकते हैं अगर वह 60% पानी बच गया तो उससे 30 परसेंट रकबा और बढ़ने देंगे। हम 30% पानी गंगा और यमुना के मुख्य मार्ग में बहने देंगे ताकि गंगा और यमुना की अविरलता भी बनी रहे। मुलायम सिंह जी ने सवाल उठाया था कि गंगा के किनारे के किनारे कुछ पौंड्स खुदवाए थे।

माननीय अध्यक्ष महोदया, मैंने उत्तर प्रदेश, बिहार और हरियाणा आदि सभी सरकारों से कहा है कि आप उन छोटे-छोटे तालाबों की सूची बना लीजिए, ताकि उन्हें रिपेयर किया जा सके, उनमें मछली पालन की सुविधा भी हो सके और लीन पीरियड में उनका पानी भी गंगा जी में छोड़ा जा सके।

माननीय अध्यक्ष महोदया, इसके अलावा हमने हाईब्रिड इनोटी पर हरिद्वार से लेकर गंगा सागर तक की, जो गंगा की कहानी है, वह है इंडस्ट्री की गंदगी की, वह है सीवेज की गंदगी की, जिसमें 1,600 ग्राम पंचायतें हैं, 6,000 गांव हैं। इन गांवों के नालों की तो गिनती ही नहीं है। जो गिनती के नाले हैं, वे 144 हैं, लेकिन जो बिना गिनती के नाले हैं वे 5,000 या 10,000 होंगे, जो कि गांवों में अपनी गंदगी छोड़ रहे हैं। हमने सींचेवाल मॉडल पर उनकी अलग व्यवस्था बनाई है।

महोदया, इंडस्ट्री और सीवेज के लिए हम जो 13 बड़े टाउन हैं, उन्हें हम हाईब्रिड इनोटी पर ले जा रहे हैं। हम दिल्ली की पूरी की पूरी यमुना को हाईब्रिड इनोटी पर ले जाना चाहते हैं।

अध्यक्ष महोदया, यह बहुत जरूरी उत्तर है, जिसे मैं आपके माध्यम से माननीय सदन और माननीय सदस्य को अवगत कराना चाहती हूं जिसके लिए मैं आई हैं कि हमने कल एनजीटी को विवरण दिया है और हमने उन्हें कहा है कि हम पूरी की पूरी दिल्ली की यमुना और यमुना के घाटों ठीक करना चाहते हैं, लेकिन हमने कैबिनेट में अपने 20 हजार करोड़ रुपए का जो एप्रूवल लिया है, उसमें जो 8 हजार करोड़ रुपए हैं, उन्हें नए इनीशिएटिव पर खर्च करेंगे और उन्हें हम हाईब्रिड इनोटी पर ही जाकर खर्च कर पाएंगे। इसमें हमने गाइड लाइन्स भी जारी की हैं। इसमें राज्य सरकारें भागीदारी कर सकती हैं, इसमें पीएसयूज भागीदारी कर सकते हैं। इसमें हम पीपीपी मोड पर जाएंगे, लेकिन दिल्ली सरकार ने टेंडर मंगा लिए हैं और अब वह आग्रह कर रही है कि हम उनके मोड पर तैयार हो जाएं। हमने अभी अपना एक पक्ष एनजीटी के सामने प्रस्तुत किया है, जबकि उत्तराखंड ने अपना टेंडर होने के बाद भी, हमारे हाईब्रिट नरोटी के मॉडल

को स्वीकार कर लिया और उन्होंने कहा कि अगर हमारे लोग इसकी टेक्नौलौजी को नहीं जानते होंगे, तो उसके लिए हमने ट्रंजेक्शन एडवाइजर की बिड की हुई है। उस बिड के माध्यम से हम उन्हें जो टेक्नीकल एक्सपर्टीज चाहिए होगी, वह उन्हें देने को तैयार हैं, लेकिन हम अपना मोड नहीं बदलेंगे।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सदन और माननीय सदस्य को अवगत कराना चाहती हूं कि उन्होंने आज सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उठाया है, क्योंकि मछलियां ही तो बताएंगी कि गंगा ठीक हो गई है या नहीं और मछलियां बता सकें, इसके लिए हमने गंगा को ठीक करने का जो प्लान बनाया है, उसके अन्तर्गत अगले चरण में मथुरा, वृन्दावन, कानपुर और बनारस का कार्यक्रम 20 तारीख तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है। हम उसकी पूरी तैयारी कर चुके हैं।

महोदया, श्री पीयूष गोयल जी यहां बैठे हुए हैं, इन्होंने तो अपने यहां ट्रीटेड वाटर को इस्तेमाल करने की पालिसी बना ली है। मथुरा और वृन्दावन में जो ट्रीटेड वाटर है, वह यमुना नदी में नहीं छोड़ा जाएगा। वह मथुरा रिफाइनरी को दिया जाएगा और बनारस में गंगा का जो ट्रीटेड वाटर है, वह गांगा में नहीं छोड़ा जाएगा, बल्कि उसके इस्तेमाल के लिए रेलवे हमारे साथ एमओयू कर रहा है। श्री सुरेश प्रभु जी कर रहे हैं वह वाटर उन्हें दिया जाएगा। इतनी होलसमनैस के साथ में गंगा पहली बार प्लान हुई है।

अध्यक्ष महोदया, मैं चाहूंगी कि आप एक बार एक स्पेशल मेंशन के जरिए, सिर्फ गंगा पर इस सदन में डिसकशन को मंजूरी दे दीजिए, ताकि सदन और देश को बता सकें कि हम गंगा की सफाई के लिए क्या कर रहे हैं। प्रधान मंत्री जी का इस काम में हमें पूरा सहयोग रहता है और वित्त मंत्री जी का हमें पूरा सहयोग रहता है। मैं आपके माध्यम से सदन में कमिट करती हूं कि अक्तूबर, 2016 में फेज-1 आ जाएगा, अक्तूबर, 2018 में निर्मलता का फेज-2 आ जाएगा और वर्ष 2020 में निर्मलता का फेज-3 आ जाएगा। हमने जो कमिटमेंट किया है कि हम देश को अविरल और निर्मल गंगा बनाकर देंगे; उसे हम पूरा करेंगे।

‘जब आए हैं गंगा के दर पर, तो कुछ कर के उठेंगे
या तो गंगा निर्मल हो जाएगी या मर के उठेंगे।’

श्री कँवर सिंह तँवर: माननीय अध्यक्ष महोदया, मैं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करता हूं कि ‘नमामि गंगे मिशन’ के तहत मेरे लोक सभा क्षेत्र के कई गांवों का चयन किया गया तथा ‘गंगा ग्राम योजना’ की शुरूआत भी मेरे ही लोक सभा क्षेत्र के गांव पूठ से की गई है।

महोदया, गंगा नदी, मेरे लोक सभा क्षेत्र के मध्य से कई किलोमीटर क्षेत्र से गुजरती है। यहां मेरठ, हापुड़ तथा गजरौला की औद्योगिक इकाइयां जैसे चीनी मिलों, केमीकल फैक्ट्रियों, पेपर मिलों आदि का

प्रदूषित पानी बगत नदी, काली नदी, फुलेरा ड्रेन, स्याना एस्केप तथा छोइया नाले के माध्यम से गंगा नदी में मिलता है।

अध्यक्ष महोदया, हापुड़ से लगभग 21 एम.एल.डी. अशोधित सीवेज गंगा नदी में मिलता है। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि इन औद्योगिकी इकाइयों का प्रदूति जल गंगा नदी में न मिले। क्या इसके लिए गंगा नदी में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों को लगातार ऑनलाइन डिस्चार्ज क्वालिटी, मौनीटरिंग सिस्टम लगाने के लिए आदेश दिये गये हैं और अब तक कितने उद्योगों में ऑन लाइन सिस्टम लगाए गए हैं? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि मौनीटरिंग सिस्टम न लगाने वाली इकाइयों पर क्या कार्रवाई की जायेगी?

सुश्री उमा भारती : माननीय अध्यक्ष महोदया, हमने 196 करोड़ रुपये सैंट्रल प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड को वाटर क्वालिटी टैस्टिंग के लिए दिये हैं। इससे जगह-जगह पर मौनीटरिंग के इक्विपमैंट लगेंगे। मेरे कमरे में आलरेडी स्क्रीन लग चुकी है, जिससे मुझे पता लग जायेगा कि कौन सी नदी, कौन सा स्ट्रैस गंगा को कितना गंदा कर रहा है। हमने पूरी राम गंगा ले ली है। राम गंगा और काली आदि नदियां पल्प, पेपर, वाइन और शुगर इंडस्ट्रीज की गंदगी लेकर आ रही थीं। वे गंगा में अपनी तरफ से कंट्रीब्यूट कर रही थीं। हम गंगा के साथ-साथ राम गंगा और काली को भी ट्रीट कर रहे हैं। हम गंगा के साथ पूरी यमुना को भी ट्रीट कर रहे हैं। अब हमने एक नयी ट्रिब्यूटरी गोमती को लिया है। हम उसे भी पूरा ट्रीट कर रहे हैं।

अध्यक्ष महोदया, माननीय सदस्य ने जिस गांव की बात की है, तो 1664 के करीब पंचायतें हैं। चूंकि पंचायतों की संख्या घटती-बढ़ती रहती है। उन पंचायतों में करीब 6 हजार गांव हैं। हमने लगभग 1600 करोड़ रुपये ग्रामीण विकास विभाग को ओपन डिफेक्शन रोकने के लिए दिये हैं। लेकिन हमने अपनी तरफ से तय किया है कि ओपन डिफेक्शन से गांव में निर्मलता होगी, लेकिन गंगा के किनारे जाने वाली गंदगी को रोकना है तो हमें सीचेवाल मॉडल, जो पंजाब का है, उसे एडॉप्ट करना पड़ेगा। इसमें बहुत कम खर्चे पर गांव की गंदगी को डायवर्ट करके खेती में उसका उपयोग किया गया है। उसमें हमने आई.आई.टी. कंसॉर्टियम का पूरा सहयोग लिया है, ताकि हम उन गांवों को निर्मल कर सकें। हम एक भी गांव नहीं छोड़ेंगे।

अध्यक्ष महोदया, मैं वर्ष 2018 अक्टूबर को इसी सदन में खड़े होकर आपको बताऊंगी कि गांव निर्मल हो चुके हैं, गंगा के किनारे निर्मल हो चुके हैं। उसके बाद केवल एक्ट रह जायेगा। मैं जब सांसद नहीं थीं, तब मैंने गंगा जल भिजवाया था। संसद के सभी राजनीतिक दलों, नेताओं, सब धर्मों और जाति के लोगों ने कहा था कि बाकी बातों पर लड़ेंगे, लेकिन आपसे गंगा पर बिल्कुल नहीं लड़ेंगे। आप जो चाहेंगी,

हम वह गंगा पर करेंगे, यह आश्वासन उन्होंने मुझे दिया है। यहां तक कि मुस्लिम तबके, अल्पसंख्यक तबके के लोगों ने कहा है कि उमा भारती, तुम भ्रम में मत रहना कि पंडित को गंगा जल चाहिए, मौलवी को भी वज़ु करने के लिए गंगा जल चाहिए। इसलिए हम गंगा की रक्षा में तुम्हारे साथ रहेंगे।

अध्यक्ष महोदया, जब एक्ट का समय आयेगा, तब मैं पूरे सदन के सामने हाथ जोड़कर खड़ी हो जाऊंगी और जो एकजुटता आपने मुझे गंगा जल बांटते समय दिखाई थी, वही एकजुटता एक्ट के समय भी दिखानी होगी। मैडम, अगर एक्ट पर सहमति बन गयी, तो आपको निर्विरोध उस प्रस्ताव को पारित करवाना होगा, यह मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूं।

प्रो. सौगत राय: अध्यक्ष महोदया, मंत्री जी ने प्रश्न का बहुत लंबा उत्तर दिया है। पश्चिम बंगाल में साढ़े चार सौ किलोमीटर गंगा है, लेकिन उनका वहां कोई प्रकल्प दिखाई नहीं देता।

माननीय अध्यक्ष : वहां भी आयेंगे। वहां गंगा आखिर में आती है।

प्रो. सौगत राय: हमारे यहां मानिकशाह से गंगासागर तक गंगा बहती है। लेकिन एक प्रकल्प वहां नहीं बन रहा है। ...(व्यवधान) मेरे क्षेत्र में गंगा के किनारे चार पोर निगम हैं। हमने यू.पी.ए. टू के समय तीन घाटों का सर्वे किया था। हम दो साल से लगातार पत्र दे रहे हैं कि बड़ानगर के घाटों में संस्कार करने के लिए इलैक्ट्रिक क्रेमेटोरियम बनाया जाये, लेकिन मंत्री जी केवल ऐक्नॉलिज लेने के अलावा कुछ नहीं करते हैं। मैं कहना चाहता हूं कि इसमें छः शहरों का नाम दिया गया है, जिसमें पांच शहर उत्तर प्रदेश के हैं और एक बिहार का है।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या वह पश्चिम बंगाल में गंगा के किनारे संस्कार करने के लिए इलैक्ट्रिक क्रेमेटोरियम बनाने पर ध्यान देंगी? क्या आप मेरे केन्द्र बड़ानगर में घाट और इलैक्ट्रिक क्रेमेटोरियम बनाने के लिए कोई कदम उठायेंगी?

सुश्री उमा भारती: मैडम, सौगत दा ने दो सवाल उठाए हैं। मैं उनको बताना चाहूंगी कि नवद्वीप बंगाल में ही है, गंगासागर बंगाल में ही है, बजबज बंगाल में ही है, वेलूर बंगाल में ही है और दक्षिणेश्वर भी बंगाल में ही है। इन सभी जगहों पर हमारे प्रोजेक्ट्स लांच हो गए हैं। इसलिए मैं सौगत दा से कहूंगी कि उनका क्षेत्र रह गया है, हम उसे जरूर ले लेंगे।

महोदया, मैं आपके माध्यम से माननीय सांसदों से कहूंगी कि अगर आपकी नजर में कोई गांव हमसे छूट गया हो, जो लोक महत्व का स्थान रखता हो, जिसके कारण प्रदूाण होता हो, वह हमें बताएं, हम उसे ले लेंगे। हम सौगत दा के प्रस्ताव को भी ले लेंगे, लेकिन यह कहना कि बंगाल में हमने प्रोजेक्ट्स नहीं लिए है, ठीक नहीं है। आप पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री महोदया से जानकारी कर लें।

दूसरी बात आपने इलेक्ट्रॉनिक क्रेमेटोरियम की बात कही है, हमने पूरे कोलकाता के आस-पास के क्रेमेटोरियम रिपेयर के लिए ले लिए हैं। गंगोत्री से गंगासागर तक गंदगी के बड़े कारण थे - इंडस्ट्री, सीवेज और सॉलिड वेस्ट, जिसमें पॉलीथिन, पॉलिएस्टर आदि और साथ ही, चिताओं की अधजली लकड़ियां, अधजले शव एवं मरे हुए पशु। हमने गंगा के किनारे जगह-जगह पर इलेक्ट्रॉनिक क्रेमेटोरियम बनाए हैं। साथ ही हमने लकड़ी के भी क्रेमेटोरियम बनाए हैं, क्योंकि हम लोगों की आस्था से कभी खिलवाड़ नहीं करेंगे। गंगा के मामले में आस्था और विकास, दोनों को लेकर चलेंगे। इसलिए हमने इसमें मुख्यतः बंगाल को ही लिया है, क्योंकि बंगाल में अधिकतर श्मशान घाट गंगा के किनारे पर हैं। भागीरथी नाम से गंगा का अलग से एक चैनल है, वहां के श्मशान को महाश्मशान बोलते हैं और वह प्रदूषण का बहुत बड़ा कारण बनने लगा था क्योंकि पूरी राख और अधजले शव भागीरथी नदी में फेंक दिए जाते थे। वहां गंगा का एक भागीरथी चैनल है। हमने इसको रोका है और अब वहां हमारा काम शुरू हो गया है। इसलिए गंगोत्री से गंगासागर तक, गंगा के पूरे किनारे पर, जिसमें वेस्ट बंगाल भी है, काम हो रहा है। मैं सौगत दा को अपने ऑफिस में बुला लूंगी या उनके पास चली जाउंगी और उनको समझा आउंगी कि बंगाल में कहां-कहां काम हुआ है।

माननीय अध्यक्ष : सौगत दा, यह आप मानेंगे कि मंत्री जी को पूरी जानकारी है।

माननीय अध्यक्ष : प्रश्न संख्या 264,

श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा - उपस्थित नहीं।

Now, the hon. Minister.

(Q. 264)

श्री अनुराग सिंह ठाकुर : अध्यक्ष महोदया, न्यायालय से न्याय की उम्मीद की जाती है। करोड़ों पेंडिंग केसेज बताते हैं कि न्याय की उम्मीद करते हुए भी पिछले कई वर्षों में लोगों को न्याय नहीं मिला है। मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आखिर सरकार ऐसे कौन से कदम उठाने वाली है, जिससे आम आदमी को न्याय मिल सके और न्यायालय की कार्यप्रणाली में ट्रांसपेरेंसी और जवाबदेही तय की जा सके? बहुत से केसेज में ऐसा होता है कि वे खुद ही बॉलर हैं, खुद ही बैट्समैन हैं और खुद ही अम्पायर हैं। सब कुछ खुद ही तय हो जाता है और उसके बाद आम आदमी के पास कोई उत्तर नहीं रहता है।

क्या पारदर्शिता लाने के लिए कोर्ट्स की लाइव स्ट्रीमिंग होगी, ताकि जो उभरते हुए एडवोकेट्स हैं, उनको भी सीखने का अवसर मिले कि सुप्रीम कोर्ट की फंक्शनिंग कैसी है, हाई कोर्ट की फंक्शनिंग कैसी है, जजेज और बाकी प्रमुख अधिवक्तागण वहां कैसे काम करते हैं? सरकार ऐसे कौन से कदम उठाने वाली है, जिनसे आम आदमी को न्याय भी मिले और उनके कामकाज में पारदर्शिता भी आए?

श्री रवि शंकर प्रसाद: अध्यक्ष महोदया, यह प्रश्न जूडिशियरी में आरक्षण के सन्दर्भ में है, फिर भी माननीय सदस्य ने एक सवाल किया है, मैं उसका उत्तर देना चाहूंगा।

महोदया, हमारी सरकार में माननीय प्रधानमंत्री जी का निर्देश है कि गुड गवर्नेंस के लिए जस्टिस डिलीवरी ठीक होनी चाहिए। इसलिए हमारी सरकार जब वर्ष 2014 में आई, उस समय मैं कुछ महीनों के लिए कानून मंत्री था। तब हमने पहला निर्णय यही लिया था कि हाई कोर्ट्स में जजेज की संख्या बढ़नी चाहिए, और हाई कोर्ट्स में जजेज की संख्या 906 से बढ़ाकर 1079 कर दी गयी है। जहां तक सबॉर्डिनेट जूडिशियरी का सवाल है, मैं माननीय सदस्य और सदन को यह बताना चाहूंगा कि सबॉर्डिनेट जूडिशियरी में लगभग 20,000 पद हैं, जिनमें से 4,400 पद खाली हैं। ये पद जल्दी भरे जाएं, इसके लिए मेरे से पूर्व कानून मंत्री सदानंद गौड़ा जी और मैंने बार-बार इस बात के लिए आग्रह किया है कि हाई कोर्ट्स को इसके लिए कार्रवाई तेज करनी चाहिए।

माननीय सदस्य ने जो ट्रांसपेरेंसी की बात कही है, मैं बताना चाहूंगा कि हमने आईटी सर्विसेज को बहुत एक्टिवाइज किया है कि आज पूरा आईटी इनेबल्ड जस्टिस डिलीवरी हो, जजमेंट्स ऑनलाइन अवेलेबल हों, कॉज लिस्ट उपलब्ध हो, ये काम चल रहे हैं और ऐसी हमारी कोशिश होगी।

अंतिम बात जो मैंने एकाउंटेबिलिटी की कही, बहुत संक्षेप में कहना चाहूंगा कि इस सदन ने एक नेशनल ज्यूडिशियल कमीशन बिल पूरी सर्वानुमति से पास किया था। इसमें कोई अपोजीशन नहीं हुआ था।

दोनों हाउसेज ने पास किया था और सुप्रीम कोर्ट ने इसको क्वैश कर दिया। स्थिति वही है। इसको फिर हम आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

श्री संतोख सिंह चौधरी: माननीय अध्यक्ष जी, यह प्रश्न बहुत ही गंभीर है क्योंकि ज्यूडिशियरी में जो एस.सी. समाज है, उसके रिजर्वेशन का मसला है। यह मैं मानता हूं कि संविधान में हायर ज्यूडिशियरी में इसका प्रोविजन नहीं है, लेकिन यह जो देश के 20-25 प्रतिशत दलित समाज के लोग हैं, जिनकी आबादी बीस करोड़ के करीब है, उनमें एक भावना आई है कि जो दलित समाज है, उनको ज्यूडिशियरी से न्याय नहीं मिलता है। इसी हाउस को बार-बार संवैधानिक अमेंडमेंट करने पड़े। क्यों करने पड़े? 85वां कांस्टीट्यूशनल अमेंडमेंट इसी हाउस को करना पड़ी। 81वां संवैधानिक संशोधन इसी हाउस ने किया, इसलिए किया कि ज्यडिशियरी की तरफ से सरकार जो कुछ भी दलित समाज को सर्विसेज में, रिक्रूटमेंट में, प्रमोशन में, देना चाहती है, तो ज्यूडिशियरी की तरफ से उसमें रोक लग जाती है। यह बहुत ही गंभीर मसला है। मैं खुद लीगल प्रोफैशन में रहा हूं। जो आपने सब-आर्डिनेट कोर्ट्स की बात कही है, यह एक माइंड-सैट बन चुका है कि जो सब-आर्डिनेट कोर्ट्स में छोटे जजेज होते हैं, जिन्होंने प्रमोट होकर हाई कोर्ट में जाना होता है, मैंने देखा है कि जब हाई कोर्ट के इंस्पेक्टिंग जज आते हैं, जो एस.सी. समाज के ज्यूडिशियरी में मुलाजिम होते हैं, उनके लिए नैगेटिव ऑबजर्वेशन देते हैं जिसकी वजह से उनका हाई कोर्ट तक पहुंचने का सफर रास्ते में ही रह जाता है। मैं समझता हूं कि यह देश के लिए एक बहुत ही गंभीर मसला है। इसलिए सरकार को सोचना चाहिए कि इसमें संवैधानिक संशोधन लाया जाए और जो हायर ज्यूडिशियरी में है, उसमें भी आरक्षण किया जाए और दलित समाज के लोग हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में भी बैठें। मैं मिनिस्टर साहब से जानना चाहता हूं कि क्या वर्तमान सरकार इस बारे में कुछ विचार करेगी?

श्री रवि शंकर प्रसाद : माननीय अध्यक्ष जी, माननीय सदस्य ने जो प्रश्न किया है, वह सही कह रहे हैं कि हायर ज्यूडिशियरी में अभी आरक्षण नहीं है और यह संविधान की स्थिति 1950 से है। हाई कोर्ट जज और सुप्रीम कोर्ट जज कांस्टीट्यूशनल पोस्ट है लेकिन इसमें मार्जिनेलाइज्ड कम्युनिटी के लोग आने चाहिए, हमारी सरकार की यह कोशिश रही है। हमारी सरकार मई 2014 में आई थी। मैं उस समय कानून मंत्री था। जुलाई 2014 में मैंने देश के सारे चीफ जस्टिसेज को पत्र लिखा और मैं तीन पंक्तियां पढ़ना चाहूंगा:-

"The need for giving representation to Scheduled Castes, Scheduled Tribes, Other Backward Classes, Minorities and women may also please be kept in view while making recommendation for fresh appointments to the High Courts." यह हमने वर्ष 2014 जुलाई में लिखा। बाद में हमारे कानून मंत्री सदाशिव गौड़ा जी हुए, उनका भी पत्र हमारे सामने है।

सरकार की ओर से हम बार-बार माननीय न्यायालयों को कहते हैं कि आप इस बात की चिंता करें। अब एक बड़ा सवाल है कि कांस्टीट्यूशनल पोस्ट पर रिजर्वेशन करना है कि नहीं करना है। उसमें हाई कोर्ट भी है, सुप्रीम कोर्ट भी है। उसमें पब्लिक सर्विस कमीशन है, उसमें इलैक्शन कमीशन है। यह एक बड़ा विाय है जिसके बारे में कभी विचार करना पड़ेगा, लेकिन हमारी कोशिश हमेशा होती है कि मार्जिनेलाइज्ड कम्युनिटी को लाया जाए। अब मैं बताना चाहूंगा, उस समय आप हाउस में थे, जब एन.जे.ए.सी. को हमने मूव किया था तो उसमें हमने कहा था कि एक एक्सपर्ट एस. सी. एस. टी. वूमैन या माइनॉरिटी का होगा जो कमीशन का मैम्बर होगा, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने उसको क्वैश कर दिया। यह आपको ध्यान होगा। आगे इस पर विचार करना पड़ेगा।

SHRI NAGENDRA KUMAR PRADHAN : Hon. Speaker Madam, this is a serious question because I want to refer to my State. Out of the total population of my State of Odisha, 15 per cent are Scheduled Castes, 23 per cent are Scheduled Tribes. That was the situation there as per the 1931 Census. At that time, the census was 52 per cent for OBCs. Thereafter there is no caste census report as on today. This is the state of affairs of my State. In his answer, the hon. Minister has stated that a number of suggestions have been given to the Government to address this problem. I am thankful to the hon. Minister. He, as the Minister, tried last time but that is not the way to solve the problem. The House is the supreme organisation. Here, more than 200 Members represent Scheduled Castes, Scheduled Tribes and OBCs. So, the matter should be discussed here so that a consensus or a vote can be made here to safeguard the reservation for SC, ST, and OBCs.

HON. SPEAKER: Do you have any question?

SHRI NAGENDRA KUMAR PRADHAN: I would request the hon. Minister to take a step so that the problem is addressed because Parliament is the supreme organization as per the Constitution. House can bring Amendments to pass. Suggestion is not the answer but Amendments only.

HON. SPEAKER: That is a suggestion, not a question.

SHRI RAVI SHANKAR PRASAD: Madam, it is a suggestion. But I want to convey one thing to the hon. Member that regardless of everything, judges coming from Scheduled Caste have been the Chief Justice of India, judges coming from backward caste have been the Chief Justice of India. We keep on trying for that but the larger issue is that we must try to emphasize that these communities must be given representation in the process.

(Q. 265)

श्री भरत सिंह: माननीय अध्यक्ष जी, मुझे यहां से प्रश्न पूछने की अनुमति दी जाये। मैं आपके माध्यम से माननीय ऊर्जा मंत्री जी से कहना चाहता हूं कि विद्युत समवर्ती सूची में होने के कारण सप्लाई एंड डिस्ट्रिब्यूशन राज्य का काम है, लेकिन राज्यों की आवश्यकता अनुसार पावर प्लांट और ट्रांसमिशन सिस्टम का काम केन्द्र द्वारा किया जाता है। क्या ऊर्जा मंत्री जी बतायेंगे कि औद्योगिक उत्पादन के लिए अलग से फीडर की मांग की गई है, इस दिशा में क्या कदम उठाया गया है, यदि नहीं तो क्यों?...(व्यवधान)

श्री पीयूष गोयल: अध्यक्ष महोदया, वैसे तो प्रश्न एनर्जी एफिशिएन्सी और सेविंग पर है लेकिन मैं माननीय सदस्य की चिंता और तकलीफें समझ सकता हूं, क्योंकि उत्तर प्रदेश में वास्तव में बिजली की स्थिति बहुत गंभीर है और आज पौने दो सौ करोड़ ऐसे घर हैं, जहां अभी तक बिजली की उपलब्धता नही की गई है। इसके बावजूद केन्द्र सरकार ने हजारों करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता दी है। बारहवीं पंचवर्षीय योजना में कई प्रोजैक्ट्स इंटेन्सिव इलेक्ट्रिफिकैशन के लगने थे, घरों तक बिजली पहुंचनी थी, लेकिन वह आज तक नहीं पहुंच पाई है। ...(व्यवधान)

HON. SPEAKER: Hon. Members, the Matters under Rule 377 shall be laid on the Table of the House. Members who have been permitted to raise matters under Rule 377 today and are desirous of laying them, may personally hand over text of the matter at the Table of the House within twenty minutes.

Only those matters shall be treated as laid for which text of the matter have been received at the Table within the stipulated time. The rest will be treated as lapsed.

---

* Treated as laid on the Table.

(i) Need to provide details of utilization of Member of Parliament Local Area Development Scheme fund released for development works in respective parliamentary constituencies.

श्री डी.एस. राठौड़ (साबरकांठा) : सांसद फंड (एम.पी.लैड फंड) के लिए हर साल सरकार द्वारा पांच करोड़ रूपए दिये जाते हैं जिसके लिए समग्र कार्यवाही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में होती है एवं इम्पलमेंटेशन उन्हीं के द्वारा होता है।

लोक सभा सांसद के रूप में संसद सदस्य द्वारा जरूरत के हिसाब से नागरिक सेवा के लिए सांसद निधि फंड जिला आयोजन अधिकारी कार्यालय को दिया जाता है, जिसे ऑथोरिटी द्वारा समयबद्ध सरकारी प्रक्रिया अनुसार पूरा करना जरूरी होता है। यह कार्य जिला पंचायत फिर वहां से तालुका पंचायत और ग्राम पंचायत तक उसका कार्य क्षेत्र रहता है, लेकिन यह कार्य यदि ग्राम पंचायत द्वारा पूर्ण नहीं होता है तो समग्र फंड का ऑडिट कलेक्टर कचेरी नहीं कर पाती है, जिसकी वजह से सांसद निधि की दूसरी किस्त रिलीज नहीं हो पाती है। ऑडिट न होने के कारण, नई ग्रान्ट न मिलने के नियम की वजह से डेवलपमेंट कार्य रूक जाता है और जनता में भी इसका निगेटिव मैसेज जाता है।

मेरी सरकार से विनती है कि जितनी ग्रान्ट का हिसाब नहीं आया होता है उतनी ग्रान्ट रिलीज नहीं करके बाकी ग्रान्ट यानि जिसका हिसाब ऑडिटेबल है उतनी ग्रान्ट रिलीज करें तो समाज को फायदा मिलेगा।

मेरी संबंधित मंत्रालय से मांग है कि हर महीने हमारे द्वारा नागरिक सेवा के लिए दी गई राशि का पूरा ब्यौरा दिया जाए और ऑडिट में विलंब करने के लिए जो जिम्मेदार है उस पर कड़ी कार्यवाही हो। समग्र सांसद विकास निधि प्रक्रिया को सरल बनाया जाये।

(ii) Need to restart the Weaving Mill and Floor Glass Limited in Banda parliamentary constituency, Uttar Pradesh.

श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा) : मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बांदा में स्थित कताई मिल व चित्रकूट जनपद के अंतर्गत बरगढ़ में फ्लोर ग्लास लिमिटेड है, का कार्य काफी दिन से बंद है। इन दोनों उद्योगों से मेरे संसदीय क्षेत्र के लोगों की बेरोजगारी की समस्या का कुछ अंश तक समाधान हो सकता था। लेकिन कताई मिल बंद हो गयी है और फ्लोट ग्लास लिमिटेड के निर्माण का कार्य बंद हो गया है। अस्तु मेरा सरकार से अनुरोध है कि बांदा स्थित कताई मिल को पुनः शुरू कराने हेतु राज्य सरकार से वार्ता कर पहल करने की कृपा करें साथ ही फ्लोट ग्लास लिमिटेड के लिए कार्यदायी एजेंसी से बात कर उसे यथाशीघ्र शुरू कराने की कृपा करें, जिससे इन पिछड़े जनपदों में विकास के द्वार खुल सकें।

(iii) Need to provide stoppage of train no. 15105/06 at Mairwa railway station, Siwan district, Bihar.

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : गाड़ी सं. 15105/06 जो छपरा से मथुरा तक जाती है। इस ट्रेन का मैरवा रेलवे स्टेशन पर ठहराव हेतु मैंने माननीय रेल मंत्री जी से मिलकर ज्ञापन दिया था। इस ट्रेन का मैरवा में ठहराव होना अति आवयक है क्योंकि सुबह के समय, गोरखपुर, लखनऊ, कानपुर जाने वाले यात्रियों को इससे लाभ मिलेगा। पूर्व में भी इस ट्रेन के ठहराव हेतु वहां के जनप्रतिनिधियों ने मा. रेल मंत्री जी का ध्यान आकृष्ट कराया था। परंतु अभी तक रेल मंत्रालय ने इस गाड़ी का ठहराव मैरवा स्टेशन पर नहीं किया है।

मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि जनहित में गाड़ी संख्या 15105/06 का ठहराव मैरवा रेलवे स्टेशन, सीवान, बिहार पर यथाशीघ्र कराने की कृपा करें।

(iv) Need for dredging of rivers in Assam and West Bengal

SHRI GEORGE BAKER (NOMINATED): At present, Assam, Bengal, Bihar, UP and now parts of Maharashtra are being affected by Destruction of forest cover, resultant decrease in volume of potable water, damage to property, loss of lives and encroachment on the banks of its rivers. Even small boats cannot navigate the rivers except during monsoon. Erosion due to floods causes severe damage to soil fertility and silt discharged because of the erosion of river banks and canals, clogs up riverbeds aggravate flood and also cause water-logging. These States lose over four lakh hectares of land to erosion triggered by floods every year. Since India is known worldwide as the country of rivers, it is imperative that a more useful solution be found. The annual expenses on compensations, if calculated over the time form Independence, it is Himalayan. Therefore, dredging on a large scale will be required to restore the health of the rivers. A cheap, mode of transport for heavy materials by way of barges and also eco tourism by way of steamers can be encouraged.

Hence, I urge upon the Government to take up the matter of dredging of rivers in these States on top priority because dredging is a measure for channel improvement and clearing of riverbeds.

(v) Need to pass the Constitution (117th Amendment) Bill, 2012 pertaining to reservation in promotion to SCs and STs.

श्री हरीश मीना (दौसा) : मैं सरकार का ध्यान अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के उन पीड़ित अधिकारियों की तरफ आकर्षित करना चाहता हूं जिन्हें कोर्ट के विभिन्न आदेशों के तहत पदोन्नति में आरक्षण से वंचित किया जा रहा है न केवल वंचित बल्कि बहुत सारे मामले में तो उन्हें पदानवत भी कर दिया गया है। इस शोषण को रोकने के उद्देश्य से अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को सरकारी नौकरियों में पदोन्नति में आरक्षण से संबंधित 117वां संविधान संशोधन बिल, 2012 को 17 दिसम्बर, 2012 में पास किया गया था लेकिन लोक सभा में इसे पुनः पेश नहीं किया गया है।

हाल ही में मार्च, 2016 में सर्वोच्च न्यायालय का सुरेश चंद बनाम उत्तर प्रदेश सरकार के एक फैसले से अनुसूचित जाति /अनुसूचित जनजाति के पदोन्नति में आरक्षण नहीं देने से पीड़ित लोगों के लिए कोई जुडिशियल रेमेडी भी उपलब्ध नहीं पा रही है। सर्वोच्च न्यायालय ने इस फैसले में कहा कि राज्य सरकार के पास पदोन्नति में आरक्षण केवल डिस्क्रिशनरी शक्ति है और कोर्ट राज्य सरकारों को आदेश नहीं दे सकती है।

संसदीय अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वेलफेयर कमेटी ने इसकी 26वीं रिपोर्ट, "Review of representation of SCs and STs in senior positions of Government of India" जिसे मार्च, 2013 को संसद में प्रस्तुत किया गया था जिसकी Action Taken Report (ATR) भी संसद में अप्रैल, 2015 में प्रस्तुत की जा चुकी है। कमिटी ने अपनी 26वीं रिपोर्ट में बताया था कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लोगों का ब्यूरोक्रेसी में नगण्य स्थान है। अगर इसकी वर्तमान स्थिति की जानकारी ली जाये जो आज भी भारत सरकार में अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति के अधिकारियों की संख्या सचिव, अतिरिक्त सचिव एवं संयुक्त सचिव के पदों पर नगण्य ही है।

उक्त वर्गों के लोग वैसे ही सामाजिक, आर्थिक व राजनीतिक रूप से अभी भी अच्छी स्थिति में नहीं है और उनके प्रशासनिक सेवाओं में भी संवैधानिक अधिकार अगर छीन लिए जाते हैं तो यह घोर अन्याय होगा। न्याय पालिका इसमें एक बड़ी बाधा है। यदि हमें इसे सुनिश्चित करना है तो सर्वप्रथम न्याय पालिका में आरक्षण का प्रावधान लाना पड़ेगा।

अतः मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि 2012 से लंबित पदोन्नति में आरक्षण से संबंधित बिल को सरकार जल्द से जल्द संसद में पेश कर पास करवाएं और अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति वर्ग के लोगों को उनका संवैधानिक अधिकार दिलवाए।

(vi) Need to conduct classes in double shift in Kendriya Vidayalayas in the country.

श्री राजेन्द्र अग्रवाल (मेरठ) : देशभर में केन्द्रीय विद्यालयों में प्रवेश के लिए उपलब्ध सीटों की मांग व आपूर्ति में बहुत बड़ा अंतर है। मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट 2014 के अनुसार 1102 केन्द्रीय विद्यालयों में कुल 11,42,858 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं तथा हर वर्ष प्रवेश हेतु लगभग 10 लाख आवेदनों में से केवल 1.3-1.5 लाख का ही प्रवेश हो पाता है।

माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी द्वारा सदन में 2014 में दिए गए आंकड़ों के अनुसार केंद्र सरकार को पूरे देश से नये केन्द्रीय विद्यालयों की स्थापना हेतु कुल 234 प्रस्ताव प्राप्त हुए। इन संबंधित प्रस्तावों की व्यवहार्यता, आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता व सक्षम प्राधिकारियों की संस्वीकृति के परिणामस्वरूप सिर्फ 54 नये केंद्रीय विद्यालयों को खोलने की ही अनुमति दी गयी। केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु इतनी भारी मांग होने के बावजूद भी देशभर में केवल 64 केंद्रीय विद्यालयों का ही दो पारी में संचालन होता है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु मांग तथा अपूर्ति के अंतर को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यशील केंद्रीय विद्यालयों में दोहरी शिफ्ट यथाशीघ्र प्रारंभ की जाये।

(vii) Need to make Electrical Vehicles (EVs) more affordable

SHRI FEROZE VARUN GANDHI (SULTANPUR): The Central Government has set a target to deploy 48 lakh 2W and 15 lakh 4W Electrical Vehicles (EVs) under the Faster Adoption and Manufacturing of Hybird and Electrical Vehicles (FAME), which is a part of the National Electric Mobility Mission plan (NEMMP) to promote the EV segment in the country. Mahindra & Mahindra launched e20 in March 2013 and had planned to sell 1,000 vehicles per year but has been able to sell only 500 4W in the last two years as per their annual report filed in March 2015.

An amount of Rs.14,000 crores allotted under this scheme to create demand-side incentives fall significantly short to cover subsidy costs to be provided to the buyers of the vehicles. Further, current infrastructure for recharging batteries of Battery Electric Vehicles is completely non-existent. The cost of batteries, which was $ 300/kwh in 2015, makes 4W EVs unaffordable for the middle class which is ideally the target section for this innovation. I urge the Government to take suitable steps in this regard.

(viii) Regarding devastation caused by floods and erosion in Rohmoria in Assam

SHRI RAMESHWAR TELI (DIBRUGARH): I would like to draw the attention of the government towards a flood ravaged area called Rohmoria situated about 20 kilometers east of Dibrugarh district in Assam. Rohmoria is an example of how Brahmaputra river has wreaked havoc over the years bringing untold sufferings to the people. The river has intruded into the village by more than 10 kilometers in the last three decades. More than 28 out of Rohmoria's 38 villages covering an area of about 30,000 bighas of land have disappeared into the river, rendering at least 2,500 people homeless, many schools, one police station and two tea estates and one government sericulture farm have also disappeared. The flood and resultant erosion has threatened the very existence of vital installations like Mohanbari airport, three defence establishments, apart from dibrugarh town. The erosion has posed serious threat to five tea estates of Balijan, Nagaghuli, Mothola, Greenwood, and Maijan. I, therefore, request the Central Government to take immediate steps to protect Rohmoria and other places of my constituency from the fury of flood and erosion.

(ix) Need to provide centres of various entrance examinations at Sagar, Madhya Pradesh.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर) : मेरा सरकार से अनुरोध है कि नेट, गेट, स्लेट, सी.ए. एवं बैंक आदि की परीक्षाओं का केंद्र सागर में न होकर भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर है, जिसके कारण इस संभाग के विद्यार्थियों को उपरोक्त परीक्षाओं में शामिल होने हेतु भोपाल, जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर जाना पड़ता है, जिससे विद्यार्थियों को आने-जाने की असुविधा के साथ आर्थिक परेशानी भी होती है जबकि सागर संभागीय मुख्यालय है, जहां पर केंद्रीय विश्वविद्यालय भी है, जो प्रदेश का सबसे पुराना विश्वविद्यालय है।

मेरा सरकार से अनुरोध है कि नेट, गेट, स्लेट, सी.ए. एवं बैंक आदि की परीक्षाओं का सेंटर सागर में किये जाने की स्वीकृति प्रदान करने की कृपा करें।

(x) Need to expedite the setting up of a Kendriya Vidyalaya at Railway Complex, Sitapur, Uttar Pradesh.

श्री राजेश वर्मा (सीतापुर) : उत्तर प्रदेश में जिला सीतापुर के रेल परिसर में सिविल सैक्टर के लिए नया केंद्रीय विद्यालय खोलने के संबंध में केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, लखनऊ द्वारा प्रस्ताव पास कर मंडल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) लखनऊ को अवगत कराया गया तथा उनसे शीघ्र कार्यवाही करके रिपोर्ट देने को लिखा गया। परंतु सन् 2012 से अभी तक इस संबंध में मंडल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) द्वारा की गई कार्यवाही से केंद्रीय विद्यालय संगठन को अवगत नहीं कराया गया है, जिससे अभी तक केंद्रीय विद्यालय नहीं खुल सका है। जबकि मध्यम वर्ग एवं गरीब लोगों द्वारा अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा दिलाने के लिए केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश कराने की मांग निरंतर बढ़ती जा रही है।

मेरी सरकार से मांग है कि सीतापुर (रेल परिसर) में सिविल सैक्टर के लिए नया केंद्रीय विद्यालय खोलने हेतु मंडल रेल प्रबंधक (पूर्वोत्तर रेलवे) शीघ्रातिशीघ्र अपनी रिपोर्ट उपायुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, लखनऊ को प्रस्तुत करने हेतु आदेश निर्गत करने की कृपा करें।

(xi) Need to expedite construction of border roads in Jammu & Kashmir.

श्री जुगल किशोर (जम्मू) : मैं सरकार का ध्यान जम्मू-कश्मीर राज्य की सीमा की सड़कों की ओर दिलाना चाहता हूं, जो जी.आर.ई.एफ. तथा बी.आर.ओ. के अंतर्गत बनाई जा रही हैं। इन सड़कों का काम बहुत ही धीमी गति से चल रहा है तथा इनमें से कई ऐसी सड़के हैं जिनका काम पिछले 5-6 सालों से चल रहा है जिसके चलते जनता को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और आए दिन दुर्घटनाएं घटती रहती हैं जिसके कारण कई लोगों को जानें गंवानी पड़ती है इसका मुख्य कारण ये है कि पुलिया बनाने के लिए जगह-जगह पर गड्ढे खोदे हुए हैं और एक तरफ सड़क को उखाड़ दिया गया है तथा उसके मलबे को रोड पर ही रख दिया गया है जिसके कारण धूल, मिट्टी उड़ती रहती है, इससे भी कई लोग बीमार पड़ जाते हैं। इनमें से मुख्य सड़कें हैं- राजौरी से बुद्दल तथा राजौरी से कालाकोट बॉर्डर रोड, अरनीया, आर.एस.पुरा, जो कि सीमा सड़क में शामिल हैं।

अतः निवेदन यह है कि संबंधित मंत्रालय द्वारा जी.आर.ई.एफ. तथा बी.आर.ओ. को आवश्यक निर्देश देकर इन सड़कों को जल्द से जल्द पूरा किया जाये ताकि लोगों को आ रही परेशानी का समाधान हो सके।

(xii) Need to sanction laying of new railway lines in Balaghat parliamentary constituency, Madhya Pradesh.

श्री बोध सिंह भगत (बालाघाट) : मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत बालाघाट एवं सिवनी जिले में यात्रियों के आवागमन हेतु पर्याप्त रेल सुविधाएं नहीं होने के कारण उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। इस संसदीय क्षेत्र में आदिवासी, अनु.जाति तथा पिछड़े वर्ग के लोग अत्यधिक संख्या में निवास करते हैं। यह जिला नक्लस प्रभावित श्रेणी में आता है। इस संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत कान्हा एवं पेंच नेशनल पार्क आते हैं, जिसमें हज़ारों पर्यटक भ्रमण हेतु आते हैं एवं मलाजखंड में हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की सबसे बड़ी भूमिगत खान संचालित है। लोगों को व्यापार, व्यवसाय तथा आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने हेतु रेलवे सुविधा उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है।

अतः माननीय रेल मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि लामता से बैहर मलाजखंड, हट्टा से लांजी आमगांव तथा सिवनी से बरघाट, वारासिवनी से खैरलांजी तिरोड़ा नई रेल लाईन को अतिशीघ्र स्वीकृति प्रदान करें जिससे लोगों को व्यापार, व्यवसाय एवं आवागमन की सुविधा उपलब्ध होगी।

(xiii) Need to provide appointment on compassionate ground to the widows of Martyrs of Defence forces.

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर) : हमारे देश के सैनिक देश की रक्षा करते हुए अपना सर्वस्व बलिदान कर देते हैं और इस सेवा भाव की चरम अवस्था में बहुत से सैनिक शहीद भी हुए हैं। उनके इस पुनीत कार्य का कभी भी कोई आर्थिक मोल नहीं हो सकता है, परंतु फिर भी उनके परिवार के सदस्यों को अनुकंपा के आधार पर सरकारी नौकरी का प्रावधान है, जिससे वे अपना शेष जीवन सम्मानपूर्वक व्यतीत करते हैं।

अन्य संगठनों की तरह रक्षा एवं अर्ध सैनिक बलों में स्थानांतरण और पदोन्नति एक सामान्य प्रक्रिया है, परंतु अनुकंपा के आधार पर नौकरी प्राप्त शहीद सैनिकों के आश्रितों के संबंध में अधिक मानवीय और लचीला दृष्टिकोण अपनाये जाने की आवश्यकता है। अधिकतर मामलों में नौकरी प्राप्त आश्रित, महिला होती है, जो कि शहीद सैनिक की पत्नी होती है और उन पर छोटे बच्चों तथा वृद्ध एवं बीमार माता-पिता की जिम्मेदारी भी होती है। इस कारण महिलायें अपनी दोहरी भूमिका का निर्वहन करती हैं। परंतु जब इनका स्थानांतरण या पदोन्नति दूरस्थ क्षेत्रों में या मूल निवास से दूर कर दी जाती है तो इनके पूरे परिवार को बहुत असुविधा हो जाती है। छोटे-छोटे बच्चे पढ़ने वाले होते हैं। नई जगह पर उनको पुनः स्कूल में एडमिशन लेना पड़ता है और बीमारी से पीड़ित परिवार के वृद्ध सदस्य अपनी देखभाल स्वयं करने में असमर्थ हो जाते हैं।

देश के लिए शहादत का गौरव हर किसी को प्राप्त नहीं होता है। अतः मेरा सरकार से यह निवेदन है कि शहीद सैनिकों के परिवार के आश्रित, जिनको अनुकम्पा के आधार पर नौकरी प्राप्त हुई हो, विशेष कर ऐसे आश्रित यदि महिला हो तो स्थानांतरण और पदोन्नति के समय इनके कार्यक्षेत्र को मूल निवास से निकटता और पारिवारिक दायित्व की स्थिति को भी एक मानक बनाया जाये, जिससे कि शहीद सैनिक का परिवार अनावश्यक कष्टों का सामना न करे और पूर्ण निष्ठा और देश के प्रति सेवा भाव के साथ नौकरी करते हुए शेष जीवन आनंदपूर्वक व्यतीत करे। यही शहीद सैनिकों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

(xiv)Need to relax the existing clearance procedure for overseas recruitment

SHRI ANTO ANTONY (PATHANAMTHITTA): I request the Government to kindly redress the grievances of Indian nurses whose hob prospectus in the Gulf countries have been seriously affected by the regulations of the Government. In order to end the exploitation of private recruitment agencies, the Government entrusted two agencies run by the State Government of Kerala and Tamil Nadu as the only authorized agencies to process overseas recruitment. As a result, the protector of Emigrants (PoE) grants clearance to the recruitments undertaken through these two Government –run agencies. PoE denies clearance to all other recruitments even undertaken directly by the Government concerned in the Gulf countries. This has virtually caused a loss of nearly 15000 overseass jobs of nurses. Having understood the seriousness of the issue, the State Government of Kerala and Members of Parliament from the State requested the Government to discontinue the aforesaid practice of the PoE. In response to this, the PoE assured that by 31 March 2016 restrictions on clearance will be lifted. However, till date there has not been relaxation in this regard. Therefore, I request the Government to kindly take urgent steps in this regard.

(xv) Need to repeal the Armed Forces Special powers Act

DR. THOKCHOM MEINYA (INNER MANIPUR): Ms. Irom Sharmila Chanu who has been on fast since November 2000 as a mark of protest against the Armed Forces Special powers Act 1958 has announced that she will end her fast on August 9 to contest Manipur polls next year. For the last 16 years Sharmila, the Iron Lady of Manipur, has lived under house arrest as an under trial prisoner in the special ward of the JNIMS Imphal. She has been fed through her nose all these years. We are happy to hear that she has decided to lead a normal life.

The recent SC verdict 'civil duty so civil law' declaring the Army and police are not free to use excess force even under the Armed Forces Special powers Act(AFSPA) is something long overdue. Time has come for the AFSPA to go. Hence, I strongly urge the union Government to immediately repeal this Act.

(xvi) Need to take suitable measures to provide succour to folk artists, poets and writers.

श्री ताम्रध्वज साहू (दुर्ग) : विश्व के नक्शे पर किसी देश की पहचान उसके देश की संस्कृति के कारण होती है। भारत वर्ष की संस्कृति, अपनी समरसता-भाईचारा और सम्मान की रहा है। इस कार्य को जन-जन तक फैलाने का काम कवि, लेखक व लोक-कलाकार प्रारंभ से करते आ रहे हैं। परंतु केंद्र व राज्य सरकार, इनकी ओर ध्यान नहीं देती। सिर्फ प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार तक सीमित कर देते हैं।

आज छत्तीसगढ़ प्रदेश के आम लोक-कलाकार, कवि व लेखकों की माली हालत दयनीय है। कई पदम श्री, पदम विभूषण प्राप्त लोक-कलाकार भूखे मर रहे हैं। इलाज के लिए इनके पास पैसे नहीं हैं। राज्य शासन व केंद्र शासन के पास ऐसे सभी लोगों की सूची नहीं है। समाचार पत्र में जब किसी पदम श्री, पदम विभूषण आदि सम्मान प्राप्त व्यक्ति के पास इलाज के लिए पैसे नहीं है या उनके भूखे मरने की खबर छपती है तो देश का इससे बड़ा अपमान नहीं हो सकता।

अतः मैं सरकार से मांग करता हूं कि केंद्र सरकार, राज्य सरकार के माध्यम से तत्काल निश्चित समय-सीमा में सभी प्रकार के लोक-कलाकारों, लेखक व कवियों को चिन्हांकित कर सूची बनायें तथा पात्र व्यक्तियों को भोजन, निवास व इलाज की व्यवस्था करें। साथ ही इन्हें पेंशन की व्यवस्था भी करने की कार्यवाही करें।

(xvii) Need to operate Cuddalore Tiruchirapalli train formTirupapuliyur railway station, Cuddalore

SHRI A. ARUNMOZHITHEVAN (CUDDALORE): Cuddlore- Tiruchirapalli Train No. 76841 starts from Cuddalore O.T. junction. But people of cuddalore district from all walks of life wish to travel from Tirupapuliyur railway station.

At present, the train starts from Cuddalore junction from platform No. 4 every day. Since there is no foot path to cross form platform No. 1 to platform No. 4, the elderly and differently-abled persons as well as the persons with heavy luggage are finding it very difficult to walk through platform No. 1 platform No. as was done earlier.

Also there are no toilet facilities in Cuddalore- Tiruchirapalli Train. The train starts at 6.00 A.M and people find it very difficult to travel without toilet facilities. Therefore, I urge the Government to take necessary steps to operate Cuddalore-Tiruchirapalli train from Tirupapuliyur Station in the Cuddalore city instead form Cuddalore O.T. Junction and provide coaches with toilet facilities.

(xviii) Need to declare the works and personal belongings of Dr. A.P.J. Abdul Kalam as National Treasure and Heritage

SHRI A. ANWHAR RAAJHAA (RAMANATHAPURAM): Though late, the announcement by hon'ble prime Minister for building a memorial for the late president Dr. APJ Abdul Kalam at Rameswaram is a welcome move appreciated by everyone in the country. The unveiling ceremony of the Bronze Statue took Peace on 27th July, 2016 at Rameswaram to mark the first death anniversary of the former president.

It would be pertinent to mention here that Tamil Nadu Chief Minister has already allotted 1.36 acres of land for the Memorial in Rameswaram.

Hailed as the missile Man of India he led his life in accordance with the great Tirukurral and lived and died as an awakener and motivator of youth.

To honour the Late President, Government of Tamil Nadu instituted an award in his name which carries a prize of Rupees five lakhs with a Citation and a Gold Medal weighing 8 grams. The Chief Minister also announced that his birthday i.e. 15th October, hereinafter would be celebrated as ;youth Awakening Day' in Tamil Nadu.

I strongly urge the Union Government to declare all the Works and personal belongings of APJ Abdul kalam as National Treasure and Heritage. It is also deeply requested that the Family Members of the late President must be rewarded with due compensation benefits and perpetual royalty for their life time as a mark of respect to him.

(xix) Need to provide basic facilities in a time-bound manner to all the enclave dwellers in cooch Behar Parliamentary constituency of West Bengal

SHRIMATI RENUKA SINHA (COOCH BEHAR): A revised version of land boundary agreement has been adopted by India and Bangladesh on 7 May 2015, when the Parliament of India passed the 100th Amendment to the Constitution of India. I urge the government of India to ensure availability of basic human needs like food, shelter, clothing, health facilities for all in each enclave and provide elementary education to eligible children within a fixed time frame in all the enclaves of India situated in the Cooch Behar Parliamentary Constituency of West Bengal.

(xx)Need to provide funds for two irrigation projects in Boudh district of Odisha

SHRIMATI PRATYUSHA RAJESHWARI SINGH (KANDHAMAL): In Boudh district of Odisha State under my parliamentary Constituency, kandhamal, 65% of the gross cultivated area, is rain –fed and subjected to high risk in crop production due to erratic rainfall and extreme weather condition. The present plan is to enhance the irrigated Area of this district to 256% and subsequent increase to 21% over the existing irrigated area, within a period of five year i.e. (2016-17 to 2020-2021). In order to implement this plan, two important projects are needed like "Barrage of SATIGHAT" in Boudh District which will create additional irrigation potential of 10,000 hectares with an approximate cost of Rs. 40 crores and construction of Barrage over River Mahanadi on up-stream of Boudh town which will create additional irrigation potential to the tune of 5000 hectares with an estimated costs of Rs. 15 crores . The funds for the above two projects may be arranged by way of NABARD funding or any other source/agency of the Central Government.

(xxi) Need to appoint a senior Solicitor in writ petition number 202 of 1995 and 1996

श्री विनायक भाऊराव राऊत (रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग) : सिंधुदुर्ग जिले में भारी मात्रा में निजी वन क्षेत्र कई वर्षों पहले प्रकाश में आये। करीबन 40,242 हैक्टेयर निजी जमीन के ऊपर 15 वर्षों पहले वन स्वदन्य (प्राइवेट फॉरेस्ट लैण्ड) की गई उसी कारण वहां के स्थानीय ग्रामवासियों के सामने मुसीबतें खड़ी हुईं। खुद की जमीन होने के बावजूद भी उसका प्रयोग ग्रामवासी कर नहीं सकते न ही घर के लिए और न ही अन्य किसी के लिए। ग्रामवासियों ने कई शिकायतें जिला प्रशासन और महाराष्ट्र के महसूल विभाग के पास कई बार की है। जिला प्रशासन सिंधदुर्ग जिला और महाराष्ट्र के महसूल विभाग ने ग्रामवासियों की शिकायतों की जांच की और 40,366 हैक्टेयर निजी जमीन निजी वन क्षेत्र से निकालने की सिफारिश केंद्र सरकार के पास की। यह विषय सर्वोच्च न्यायालय में प्रलंबित है। केंद्र सरकार के माध्यम से सर्वोच्च न्यायालय में जो दावा (writ petition number 202 (1995 and 1996) प्रंलंबित है, उस विषय में केंद्र सरकार की तरफ से वरिष्ठ सोलिसिटर की नियुक्ति करने की जरूरत है।

14.35 hours

DEMANDS FOR SUPPLEMENTARY GRANTS (GENERAL), 2016-17

HON. DEPUTY-SPEAKER: The House will now take up discussion and voting on Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General) for the year 2016-17.

Shri Adhir Ranjan Chowdhury has tabled three cut motions to the Supplementary Demands for Grants in respect of Budget (General). If the hon. Member wants to move his cut motions, he may send a slip at the Table within 15 minutes indicating the serial numbers of the cut motions he would like to move.

A list showing the serial numbers of cut motions treated as moved will be put on the Notice Board shortly thereafter. In case the Member finds any discrepancy in the list, he may kindly bring it to the notice of the Officer at the Table immediately.

Motion moved:

> "That the respective supplementary sums not exceeding the amounts on Revenue Account and Capital Account shown in the third column of the Order Paper be granted to the President of India, out of the Consolidated Fund of India, to defray the charges that will come in course of payment during the year ending the 31st day of March, 2017, in respect of the heads of Demands entered in the second column thereof against Demand Nos. 1 to 3, 5 to 7, 9, 12 to 20, 28, 29, 32, 34, 37, 38, 42, 44, 48, 50 to 52, 54, 58, 60, 61, 64, 66, 68, 74 to 77, 81, 82, 84, 85, 87, 89 and 93 to 98."

DEMANDS

SHRI K.C. VENUGOPAL (ALAPPUZHA): Hon. Deputy-Speaker, Sir, thank you very much for giving me this opportunity to participate in the debate on the Supplementary Demands for Grants (General).

GST is a uniform legislation to avoid multiple taxation and provide a transparent legislation on taxation. It has been passed by the Rajya Sabha. It could have been passed five to six years back if the Government of the day had cooperated with the then UPA Government in those days. Anyway, it is better late than never. It has now been passed.

Sir, coming to the Supplementary Demands for Grants (General) moved by the hon. Finance Minister, I would like to express my views and share some concerns relating to the economic growth of the country. We are on a growing path. Our economy is growing. Our GDP is around 7.5 per cent and above. Every body will agree that it has not happened by way of any miracle in 2014. It is the result of the continuous effort of the two successive UPA Governments and the policies of that Government. This Government is also carrying on those policies and is on the path of growth. But these gigantic figures of GDP growth and numbers will not reflect the actual economic development of the country. For that we need improvement in human development index, quality of life, rule of law in the country etc. These are the aspects which determine the actual development of the country.

I think, the hon. Finance Minister will agree that for a sustainable economy there should be freedom, fraternity and equality in the society. The last two UPA Governments initiated many steps by taking into consideration these aspects and brought into effect the most popular programmes like MNREGA and the provisions of the Food Security Act. These programmes are implemented through comprehensive planning and sufficient financial support from the Central Government. Hon. Finance Minister, I am sorry to say that for the last two years we are seeing a complete setback in respect of certain Centrally-sponsored

schemes. For example, take the example of the MNREGA. The hon. Finance Minister said in his last Budget speech and he said that if the total amount of Rs.38,000 crore allocated in the last Budget is spent, it will be the highest Budget spent on MNREGA. It has been questioned by many activists and also researchers in this field. They have pointed out that in the 2016-17, the allocation of fund in MNREGA is still below the highest allocation of 2010-11. At that time the allocation was Rs. 40100 crore.

THE MINISTER OF FINANCE AND MINISTER OF CORPORATE AFFAIRS (SHRI ARUN JAITLEY): Allocation and expenditure are different.

SHRI K.C. VENUGOPAL: I am coming to the expenditure of this year. Look at the last financial year -- the total expenditure till date is Rs. 37000 crore which excludes spending liabilities of Rs. 6000 crore and together it is Rs. 42000 crore. This still does not include the data entry and the employment during the month of March 2016. That would be around Rs. 3000 crore. Again, add on to this an amount on account of inflation at approximately eight per cent which would be approximately an additional Rs. 4000 crore. So, it is safe to say that any allocation less than Rs. 50000 crore would be insufficient as per current rates of employment.

What is happening, Sir? Many States are not in a position to give wages to the employees especially women employees. Many States are not in a position to give it. How can we believe what he has told? The hon. Finance Minister has told in the last Budget speech that he will give Rs. 5000 crore as arrears. What has the FM given? He has given only Rs. 2000 crore. That Rs. 3000 crore is still pending with you. This time also, you told us that whenever money is needed, you are ready to give it. How can we believe you? Our experience is somewhat different.

Therefore, there are still pending wages of poor employees working in MNREGA. The Government should look into it.

In addition to that, agriculture is the most important subject. What is happening in agriculture sector? There is a fund cutting in the allocation to the

States by more than half in the 15 Central Agriculture Schemes like the Rashtriya Krishi Vikas Yojana, the National Mission for Sustainable Agriculture and Education and Watershed Programmes.

On the last day, we had discussed about some schemes. The share of the Central Government to significant social sectors including agriculture, education, health care and child development have been reduced. For example, for the second year in a row, the Government has reduced funds available to Child Health Intervention. Yesterday, we discussed SDGs. Hon. Maneka Gandhi spoke on it. What is the allocation for child development? There is a massive cut from Rs. 15,483.77 crore to Rs.14,000 crore. This is happening in a period when high malnutrition rate has been reported.

The National Family Health Survey data for 15 States shows that 37 per cent of our children under the age of five are stunted; 22 per cent were wasted while 34 per cent under the age of five are under weight.

The Economic Survey before the Budget presented by the Finance Minister has clearly indicated that India needed to increase investments on child nutrition programme if it were to capitalise on the demographic advantage offered by its young population. You are acting against that.

There is a huge cut in the child development area. Then how can you address malnutrition issue?

Again, the Mid Day Meal Scheme is meant for poor students. Funds for it has been cut from 0.7 per cent in 2014-15 and now it is 0.49 per cent in 2016-17. This is very bad.

Accordingly, health sector is one of the important sectors. What is happening there? In the Budget allocation, there is a slight increase from Rs. 19,135.37 crores in 2015-16 to Rs. 19,437 crores in 2016-17. But actually it represents a 6 to 7 per cent decrease per capita which is not sufficient considering the present state of population and inflation rate.

About MNREGA itself, the hon. Minister for Rural Development, Shri Birender Singh, has given a letter to the Finance Minister that at least he should fulfil the promise given to the Parliament. That is what the other colleague of the Finance Minister wrote to the Finance Minister.

Therefore, health is most important. As per 12th Five Year Plan document, the total public funding on core health is envisaged to increase to 1.87 per cent of GDP by the end of the Plan. What are you giving in health sector? It is nothing more than that.

I have a comparison to make. For ICDS, for 2013-14, the allocation was Rs. 16,400 crore and now it is Rs. 14,862 crore. For Rural Drinking Water Scheme, the allocation was Rs. 9691 crore for 2013-14 and now it is Rs. 5000 crore for 2016-17.

Sir, what is the fate of the Panchayati Raj Ministry now? The Minister for Rural Development is here. The Ministry of Panchayati Raj is facing a huge threat after the Government shuttered two of its key programmes like the Backward Regions Grants Fund (BRGF) and the Rajiv Gandhi Panchayat Sashaktikaran Abhiyan.

Several officials in the Ministry and the public have a feeling that this Ministry is going to be shut down and it will become a Department in the Ministry of Rural Development. You are talking about the Sustainable Development Goals. By weakening the Ministry of Panchayati Raj, what message are you conveying? It is very unfortunate.

This Government has decided to reduce the number of the Centrally Sponsored Schemes from 72 to 27. It is a move likely to result in the States picking up higher tab on these Schemes. Of the 27 Centrally Sponsored Schemes, the Centre will fully fund only ten Schemes; and the rest of the 17 Schemes will be funded on the 50:50 ratio. What will be the fate of the Centrally Sponsored Schemes?

I agree that this has been done on the recommendation of a Niti Aayog panel headed by Shri Shivraj Singh Chauhan, the Chief Minister of Madhya Pradesh. He has given a Report on 27th October. In that some Schemes have been merged with others and the States have been given the option to continue with the earlier Schemes left out in the restructuring.

The hon. Finance Minister says that his Government has given more powers to the States and more funds to the States and that the allocation has been increased from 32 per cent to 42 per cent, which is a ten per cent hike, through devolution.

I would like to put a simple question to the hon. Finance Minister. What is the allocation for agriculture by the Madhya Pradesh Government? Shri Shivraj Singh Chauhan has made this particular recommendation. What is the Budget allocation for the present year for agriculture by the Madhya Pradesh Government? I can tell you that the Madhya Pradesh Government has reduced the allocation for agriculture by Rs. 1,396 crore. It is not only for agriculture but also for poultry, dairy, forestry, plantation, and fisheries. There is a reduction of Rs. 1,396 crore in Madhya Pradesh. We can see that not only in Madhya Pradesh but also in some other States.

You are reducing the allocation for Centrally Sponsored Schemes saying that you are giving ten per cent more to the States. But States are in difficulty. They have their own compulsions and commitments. What is happening is that the most important Ministry, which is the Ministry of Agriculture, is being sidelined. Is it a correct approach?

Our farmers are committing suicides. In 2014, India recorded 12,360 farm suicides. This is not our statistics. Around 3,280 farmers committed suicide in Maharashtra itself in 2015, the highest since 2001. According to a data tabled in the Rajya Sabha on 4th March, 2016, everyday almost nine farmers commit suicide. As many as 5,650 Indian farmers committed suicide in 2015, 15 farmers a

day, according to the data published by the National Crime Records Bureau. This is the Government records, not our records.

The farmers are not getting good prices for their produce and they are leaving huge swathes of land fallow. This has resulted in a decrease in food production. That is why inflation is also rising.

We have discussed inflation the other day. That is why I am not going into details of that issue. But retail inflation rate is 7.55 per cent, which is a 21-month high. As per the data provided by the Ministry of Statistics, not just the prices of commodities are increasing. The education cost has also increased by 13 per cent; housing cost has increased by 10 per cent; the cost of health care has increased by 14 per cent; and the cost of electricity has increased by eight per cent since the new Government took charge in May 2014. Can we call this *achche din*? Are you providing *achche din* to the people? For the last two years, this index is increasing. The education cost is increasing; and the electricity cost is increasing. How can you tell this is *achche din*?

In addition to this, the prices of crude oil is also increasing. The hon. Finance Minister has informed that the profit from the decreasing international crude oil prices is divided into three portions. That is what the hon. Finance Minister told us. One is for the oil companies and the others are for the progressive flagship programmes of the Government. I have a simple question. Which flagship programme of yours is better than MGNREGA? Which flagship programme of yours is better than the loan waiver of Rs.72,000 crore to farmers? Which flagship programme of the NDA Government is better than the National Rural Health Mission? Which flagship programme of yours is better than the Food Security Programme? Without taxing anybody, the UPA Government had implemented all these programmes.

You are telling that benefits derived due to decrease in the international crude oil prices is not transferred to the common man because you want money for developmental activities. What is the justification? What is the rate of petrol in

2013? On 1st April, 2013, petrol price was Rs.68.31 per litre; on 16.7.2016, it is Rs.62.51 per litre. What is the crude oil price at that time? It was 115 dollar plus per barrel. Now, it is below 50 dollar per barrel. How is it happening? When it comes to diesel, it was Rs.48.63 per litre in April, 2013; now, it is Rs.54.28 per litre.

Excise duty rates in April, 2013 was 9.48; now, it is 21.48. It has risen from 9.48 to 21.48. You have imposed excise duty so many times. Therefore, the hon. Finance Minister should tell the people as to what is happening.

In regard to unemployment rates, the NDA Government has promised the country. In 2014, 4.21 lakh new employment opportunities were created. In 2013, 4.1 lakh employment opportunities were created. In 2015, it was only 1.35 lakh employment opportunities were created. This is the statistics of Labour Bureau, not mine. This is very bad. What is the meaning of good governance? Please enlighten us. Government is taking money from the people but not giving it to the poor people, not giving it to the farmers, not giving it to the children. This is not a good economic review in my opinion.

Yesterday, the GST Bill was passed. You have introduced new cesses. There is a cess for *Swachh Bharat Abhiyan.* Whenever you implement a new scheme, you pass on a new burden to the people. When you started implementing *Swachh Bharat Abhiyan,* you imposed a cess of 0.5 per cent. In the case of *Krishi Kalyan* Programme, you imposed a cess of 0.5 per cent. Service tax has been increased from 12.36 per cent to 14 per cent. This has been changed anyway. What is going to happen to these cesses after the GST comes into effect?

The economic and social progress that we are seeing is being threatened by growing intolerance in the country. We cannot create a sustainable growth and growth in economy without peace and harmony. We have repeatedly reminded the Government about this. But we see increasing attacks on writers - killing of writers like Pansare, Kalburgi and Dabolkar.

What is happening now in the name of cow protection? Every day people are beaten. Women, Dalits, Muslims are beaten in the name of cow protection. Cow protection is the duty of the State Government. We are all supporting that. Who has given the authority to *Gau Rakshak* to kill people in the name of cow protection? What action has been taken by this Government? This is very unfortunate. I would like to emphasise on the fact that we cannot have a sustainable and dignified economy with this climate of intolerance.

Reacting to growing intolerance, Shri Raghuram Rajan, the Governor of RBI, has appealed for tolerance of diverse opinions and challenges to established orthodoxies. He also warned that India's long-term economic prospects depends on a climate of intellectual freedom. What happened to Shri Raghuram Rajan? Hon. Finance Minister has congratulated the Chief Minister of Kerala, Shri Pinarayi Vijayan for appointing Shrimati Gita Gopinath as his Economic Advisor. That is good. Their Polit Bureau is not accepting her appointment. That is a different issue. But you have already congratulated Mrs. Gita Gopinath because, I think, she is a good economist. But how is Dr. Raghuram Rajan? Is he not a good economist? Why is an unceremonious send-off being given to Dr. Raghuram Rajan? The people are expecting a reply from the hon. Finance Minister. The country is expecting a reply from the Finance Minister.

Sir, before the General Elections of 2014, Narendra Modjiji said that if you give me power, we will bring back the entire black money within 100 days and we will distribute Rs. 15 lakh to every citizen of this country. What happened to that promise? Nothing has happened. But NPA is increasing everyday.

Bringing down the prices of essential commodities was also a promise made by the NDA. What has happened to that? The prices of essential commodities are increasing and price of *dal* is skyrocketing.

The NDA promised that when they come to power, there will be 'minimum government and maximum governance'. But is there 'minimum government' now? 'Minimum government' has become 'maximum government'. But your

promise on ‘maximum governance’ has become ‘minimum governance’. Definitely the people of India will seek answer from you. They will definitely punish you. You should change, you should realize the sentiments of the people and you should take people friendly measures.

With these words, I conclude.

श्री हुकुम सिंह (कैराना) : उपाध्यक्ष जी, आपने मुझे अवसर दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। वर्ष 2016-17 का यह अनुपूरक बजट है, जिसमें 1.03 लाख करोड़ रुपए का प्रावधान करने की बात की गई है। यद्यपि कैश आउट फ्लो केवल 20,948 करोड़ रुपए है, शेा बचत और रीएप्रोप्रिएशन से प्रतिपूर्ति करने का प्रावधान है। इसमें 5 हजार करोड़ रुपए नेशनल इंप्लायमेंट गारंटी फंड, 5 हजार करोड़ रुपए मनरेगा, 1 हजार करोड़ रुपए सर्विस प्रोवाइडर्स, 2 हजार करोड़ रुपए प्राक्रृतिक आपदा और 40 हजार करोड़ रुपए भारतीय खाद्य निगम के लिए, 32 हजार करोड़ रुपए सड़क परिवहन व राष्ट्रीय मार्ग को विकसित करने के लिए, 2,800 करोड़ रुपए डॉयरेक्ट बेनेफिट ट्रांसफर, एससी छात्रों की छात्रवृत्ति के लिए हैं।

मान्यवर, हमारे मंत्री जी ने 28 फरवरी, 2015 को जब वर्ष 2015-16 का बजट प्रस्तुत किया था, उनकी एक पंक्ति मैंने लिखी है, उन्होंने शुरूआत जहां से की थी, ''कुछ फूल खिलाए हैं हमने और कुछ फूल खिलाने हैं, मुश्किल यह है कि बाग में अब तक कांटे कई पुराने हैं।'' सही बात है कि कांटे बहुत पुराने थे। पुराने कांटों की मिसाल सबसे बड़ी यही है कि विकास दर 6.3 पर्सेंट पर अटकी हुई थी, इनफ्लेशन 9.4 था। शायद आपको याद होता जो मेरे पूर्व वक्ता बोल रहे थे, अपनी उस उपलब्धि को याद कर लेते तो शायद आज उतनी आलोचना करने का वे साहस न करते। उसको घटाकर आप कहां लाए? इनफ्लेशन को घटाकर 5.4 पर लाए, इसे आपने 9.4 प्रतिशत से घटाया और विकास दर 6.3 से बढ़ाकर 7.6 तक पहुंचायी। यह ऐतिहासिक कदम आपने किया है। आप जो कर सकते थे इस सीमित समय में, वह आपने करके दिखाया। इसके लिए आप बधाई के पात्र हैं।

आपने वर्ष 2016-17 का बजट प्रस्तुत किया, उसमें भी उन्होंने एक लाइन कही, ''हर हालत में आता है दरिया करना पार हमें।'' कल जीएसटी पास कराकर लगा कि आपको केवल दरिया पार कराना नहीं आता, आप तो समुन्दर भी पार कर सकते हैं। आपने इतनी बड़ी उपलब्धि अपने संक्षिप्त समय में की है। मैं इसके लिए बधाई देता हूं। देश की जो संसदीय लोकतांत्रिक परम्परा है, उसे माननीय प्रधानमंत्री जी ने एक नई दिशा दी, उसे समझने की बात है। केवल टेक्निकल बातों से आलोचना करने का विाय नहीं है। उन्होंने यह दिशा दी कि हमारा हर राज्य स्वावलम्बी हो। राज्य और केन्द्र के सम्बन्ध ऐसे हों कि राज्यों के मुख्यमंत्रियों को दिल्ली में आकर बजट की मांग न करनी पड़े, अनुदानों की मांग न करनी पड़े। स्वयं ही उन्होंने इसे बढ़ाया। हालांकि वित्त कमीशन की यह रिपोर्ट थी और उसी के आधार पर सहायता बढ़ाकर उन्होंने टैक्स में हिस्सेदारी बढ़ाकर 42 प्रतिशत की।

15.00 hours

हमें इसमें धन्यवाद देना चाहिए। इसे भी आलोचना का विषय बनाया गया। कई बिन्दु ऐसे हैं जिनके बारे में बहुत संक्षेप में बात करना चाहूंगा। जैसे एलपीजी की बात लीजिए। यह अमीरों के लिए था और सम्पन्न लोग घरों में गैस जलाते थे। गरीब व्यक्ति खेतों, जंगलों में जाकर लकड़ी बीनने का काम करता था, उपले बीनने का काम करता था और उसके बाद घर में महिला चूल्हा जलाती थी। फूंक मारते-मारते जो धुंआ निकलता था, कुछ धुंआ उसकी नाक और मुंह से जाकर शरीर में जाता था।

एक सर्वे कराया गया था जिसके मुताबिक 13 लाख महिलाओं की केवल धुंए के इन्फैक्शन के कारण प्रति वर्ष समय से पहले मृत्यु हो जाती थी। प्रधान मंत्री जी ने इतना बड़ा काम करके दिखाया कि नहीं, मुझे हर घर में एलपीजी कनैक्शन पहुंचाना है। आप कल्पना कर सकते हैं कि एक करोड़ परिवारों को एलपीजी कनैक्शन देने की योजना बनाई गई।

मैं सांसद होने के नाते, आप भी सांसद होने के नाते जब गांव में गए होंगे तो देखा होगा कि बुजुर्ग महिलाएं लाइन लगाकर खड़ी होती हैं। जब मैंने उनके हाथ में गैस के कागजात और रैगुलेटर पकड़ाए, मैं अपने मन की बात कहता हूं कि कई बूढ़ी महिलाओं की आंखों में आंसू थे कि आज हमें भी वह अवसर मिल गया जब हम घर में बैठकर गैस के चूल्हे में खाना बना सकेंगे। अब हमें उपले जलाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। क्या यह छोटी बात है? यह बहुत बड़ी बात है। आने वाले समय में पांच करोड़ परिवारों को गैस कनैक्शन देने की व्यवस्था की गई है। मैं इसके लिए सरकार को बधाई देता हूं। मुझे लगता है कि आपको भी इस प्रकार की भावना पैदा करनी चाहिए और अच्छे कामों में सहयोग देना चाहिए, उनकी प्रशंसा भी करनी चाहिए। आप भी काफी समय तक सत्ता में रहे हैं, दस वर्ा तक पीछे रहे हैं। आपके मन में कभी यह बात क्यों नहीं आई। आप यह बात क्यों नहीं सोच पाए कि हमें भी गरीबों के लिए सोचना है। दूसरे ने सोचा तो उसमें कमी निकालने की बात शुरू कर दी।

पीछे सबसे विवादित बात अनुदान की रही है। हर सरकार ने अनुदान देने का प्रयास किया। आपने भी प्रयास किया। देखना यह था कि अनुदान की सीधी रकम या फायदा उपभोक्ता तक पहुंच पा रहा है या नहीं। खाद्यान पर अनुदान हम दे रहे हैं और आपने भी दिया। क्या कभी समीक्षा की कि वह सीधा पहुंचे? हमारी सरकार ने एक विकल्प पैदा किया, जैसे हमने एलपीजी के बारे में किया कि अनुदान सिलेंडर पर नहीं बल्कि सीधे उपभोक्ता के खाते में जाना चाहिए। वह सीधा उनके खाते में जा रहा है। यह कितना अच्छा लग रहा है। शायद यह विश्व में पहला देश है जिससे इतनी बड़ी संख्या में उपभोक्ता को सीधा लाभ पुहंच रहा है। यह बात गिनीज़ बुक ऑफ रिकार्ड में दर्ज हुई है कि भारतर्वा में इतनी बड़ी संख्या में अनुदान सीधे खाते में पहुंचाकर उपभोक्ताओं को लाभ दिया है। आपने यह बात क्यों नहीं सोची थी।

आपने कई बिंदुओं पर आलोचनी की। मैं बहुत संक्षेप में उनके बारे में भी कहना चाहूंगा। रासायनिक खाद की बात है। उसमें बहुत ज्यादा उत्पादन लागत आती है। हमने नीम कोटेड यूरिया की बात की ताकि वह कैमिकल में न जा सके बल्कि सीधे किसान को मिले। यह कम्पलसरी कर दिया गया है कि जितने भी उत्पादक हैं, उन्हें अपने यूरिया पर नीम का लेप देना पड़ेगा ताकि वह बाहर न जा सके। यह अनुदान पहले भी था।

मैं काफी समय तक प्रदेश का कृषि मंत्री रहा हूं। मेरे सामने भी यह बात आती थी कि अनुदान की राशि किसानों तक पहुंच पा रही है या नहीं। उद्योगपति किसी न किसी रूप में अनुदान की राशि हजम कर लेता था। मेरे पास शिकायत आई। जब मैं खुद जांच करने पहुंचा तो ट्रक्स के नम्बर दिए गए थे कि इन ट्रकों द्वारा हमने फर्टिलाइजर बाहर पहुंचाया है। जांच करने के बाद पता लगा कि वे नम्बर मोटर साइकिल या स्कूटर के थे। इतना धोखा देकर हमारी धनराशि को हजम किया जा रहा था। आज हमारी सरकार ने एक पारदर्शी व्यवस्था स्थापित की है। बीच में कोई व्यक्ति नहीं खा पाएगा, यह सीधा किसान के पास जाएगा। यह एक प्रशंसनीय काम है।

खाद्यान की बात लीजिए। देश की लगभग दो-तिहाई जनसंख्या कवर की है ताकि उन्हें सस्ती दरों पर खाद्यान उपलब्ध हो। राज्य सरकारों के लिए विकल्प छोड़ा है, जितने भी उपभोक्ता है उनके खाते में सीधा धन पहंचाए या खाद्यान्न के मार्फत दें। चंडीगढ़ जैसी यूनियन टेरियटरी ने कहा है कि इसे खाते में पहुंचा दिया जाए, बाकी भी अगर ऑप्ट करेंगे तो खातों में पहुंचा दिया जाएगा। यह कैसे संभव हुआ? पहले इस बात का बहुत मजाक उड़ाते थे, शुरूआत में प्रधानमंत्री जी जन धन योजना शुरू की देश के हर नागरिक को बैंक खाता से जोड़ दिया जाए। अब अनुदान के रूप में जो भी सुविधा पहुंचानी होगी उसे बिचौलिए के मार्फत देने के बजाए सीधा उनके खाते में जाएगा। क्या यह प्रशंसा के लायक काम नहीं है। एससी श्रेणी के छात्रों के लिए दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है यह एक स्वागतयोग्य कदम है। हर व्यक्ति चाहेगा कि उस वर्ग के छात्रों को मदद मिलनी चाहिए।

इस देश में बहुत सारी शिक्षण संस्थान ऐसी हैं जो केवल इस अनुदान के ऊपर शिक्षा चला रही हैं। एससी बच्चों को फर्जी दाखिला दिखलाया जाता है और फर्जी दाखिला दिखला कर अनुदान हासिल कर लिया जाता है। कुछ हिस्सा उनको दे दिया जाता है अगर इसकी जांच हो जाए तो ऐसी संस्थाओं को तुरंत बंद किया जाए ताकि वे छात्र केवल अनुदान न लें बल्कि शिक्षा भी ग्रहण करें, इसके लिए प्रोत्साहन मिलना चाहिए। पीडीएस में भी बहुत से लोग ऐसे हैं, बहुत से दुकानदार ऐसे हैं, जितनी सामग्री सरकार से मिलती है उसे पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के बजाए इसका दुरुपयोग करते हैं। इस विाय पर भी गंभीरता से विचार करके नीति में संशोधन पर विचार करना चाहिए।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB: Now, I am sitting near you, I do not want to be nearer to you. First I thought the CAG got the figure a bit wrong. Was it Rs.22,000 crore or was it Rs.2,000 crore? Perhaps those who are claiming from rooftops that yes, this much of amount we have saved for the country by giving away gas cylinders, by sending it through direct bank transfer. This much money has been saved. Of course, a leader like Shri Kharge will ask, where did you spend this money, if you have saved this money? But the CAG has punctured that. The CAG said that it is only Rs.2,000 crore that has been saved, not Rs.22,000 crore. But what about the rest Rs.20,000 crore? The remaining saving is actually due to the dramatic fall of the price of LPG which India annually imports. Isn't it dramatic actually? We have been hearing high decibel campaign – give it up, give it up, give it up - calling upon consumers to give up their LPG subsidies. The Government claims that with the direct linked transfer, the saving has almost been Rs.22,000 crore. The reality is far from what the Government has been saying. This is according to the CAG Report, these are not my words. Rather one would say the huge drop in subsidy budget is mostly due to the dramatic drop in the global price of LPG that India imports.

I come to little aspects relating to my State. Odisha has lost immense revenue due to non-revision of royalty on coal by the Union Government. The royalty was last revised in April, 2012 and was fixed at 14 per cent on sale of coal.

The State earns around Rs.1,000 to Rs.1,200 crore annually. The percentage is supposed to be revised every three years. Revision of royalty was due last year. That is the revenue collection from mining and metal sectors which has also dipped to Rs.900 crore against a target of Rs.1,400 crore after the first quarter of the current fiscal, April-June. For 2016-17, Odisha expects to generate Rs.6,700 crore from the mining and metal sectors. There is no doubt about it. Unless it is increased and revised, we are losing every month.

I urge upon the Union Government to share 60 per cent of the Clean Energy Fund that we have been demanding because ours is a mineral bearing State. People in coal bearing areas bear the burnt of waste, pollution and displacement, and Centre spends the Clean Energy Fund on western States of the country. I am not mentioning the State which got the highest share from the Fund. Which western State has got funds for development of renewable energy?

It is unfortunate that the Union Government has doubled the cess on coal from Rs. 200 to Rs. 400 per tonne saying that they want to put it in the National Clean Energy Fund, while it has deprived the State of getting its due by not revising the royalty.

Sir, another aspect is relating to the GST about which we will be discussing tomorrow or Monday or Tuesday when the GST Bill comes up here. But as the Finance Minister is going to reply to this debate, I think it will lessen his trouble if I mention this here today. The Government of Odisha has claimed – and this is a problem with every State because an assurance was given that for the loss suffered due to reduction of CST, compensation will be provided to the States – that they have incurred a loss of revenue to the tune of Rs.7,755 crore from the period from 2007-08 to 2010-11 on account of reduction of CST. Till date we have received only Rs. 2,201 crore leaving a gap of Rs. 5,554 crore. This needs to be updated and money should flow to the State as was agreed upon.

Sir, there are a number of funds that have been curtailed as has been said earlier. But I would only mention here that the assurance that was given by the

Union Government to the States needs to be adhered to. It is on faith that the administration runs. It is an assurance from the Union Government to the State Governments and it is on faith that the whole country prospers. Therefore, I would urge upon the Union Government to stick to the commitments that this Government has made and accordingly India will prosper, so also Odisha will prosper. Thank you.

HON. DEPUTY SPEAKER: Hon. Members, Shri Mohammad Salim wants to speak now because he wants to go to some meeting. So I am allowing him as a special case.

1622 hours

SHRI MOHAMMAD SALIM (RAIGANJ): Mr. Deputy Speaker, Sir, I am grateful to you and to the speakers who were supposed to speak before me.

I am thankful to Mr. Mahtab because he has brought the issue on track after high decibel political rhetoric. He has highlighted some finer points relating to the state of economy of our country, the hollowness of the Government's claim and the reality as well as the nitty gritties of the Supplementary Demands for Grants and the Appropriation (No. 3) Bill, 2016. So my burden is lessened. उन्होंने जो तमाम बातें कह दी हैं, मैं उन्हें रिपीट नहीं करूंगा।

16.23 hours (Shri Arjun Charan Sethi in the Chair)

उन्होंने बहुत सारी फीगर्स देकर देश की आज की आर्थिक स्थिति और बजट में वित्त मंत्री जी ने जो कहा था या जो प्रचार हो रहा था, हो रहा है और जो हकीकत है, उसे आईने की तरह लाकर दिखाया है। मैं समझता हूं कि यह हम सबके लिए चिन्ता की बात है। देश की आर्थिक स्थिति के बारे में विज्ञापनों में जैसे विज्ञापित किया जा रहा है, वैसा नहीं है।

अगर मैं सप्लीमैंट्री ग्रांट्स के बारे में कहूं तो 68 ऐसे आइटम्स हैं, जिनमें एक लाख रुपये, एक लाख रुपये करके रखे गए हैं। वही पुरानी आदत है, उसी में रखा गया है। घोाणा के लिए 68 आइटम्स में एक लाख रुपये रखे गए हैं। मैं उन्हें दरकिनार कर रहा हूं।

इसी तरह सही मायने में 1,03,013 करोड़ रुपये की ग्रांट काफी है, लेकिन हकीकत में जो खर्च है, वह 20 हजार करोड़ प्लस में है। अगर आप देखें तो कृाि की फसल बीमा योजना, दाल, प्याज के लिए भी कुछ रुपये रखे गए हैं। महंगाई का आलम इस बारे में दिशा दिखाता है। जब प्राइस स्टैबिलाइजेशन फंड के बारे में कहा गया था कि हम महंगाई रोकेंगे, हमने उस वक्त भी कहा था कि यह नाकाफी है। आज भी कह रहे हैं कि आपने सप्लीमैंट्री बजट में दाल और प्याज की खरीदारी के लिए 500 करोड़ रुपये रखे हैं, यह अच्छा है। सरकार महंगाई शब्द की घोाणा नहीं कर रही है, लेकिन चुनौती को स्वीकार कीजिए। मैं नहीं समझता कि 500 करोड़ रुपये से प्राइस स्टैबिलाइज़ हो जाएंगे। सबसे सस्ते में गरीब लोगों को रोटी, चावल के साथ दाल मुहैया कराने की जिम्मेदारी आपकी थी। यह सबसे सस्ता प्रोटीन है और वह आसमान छू रहा है। बेशक, यह बारिश के साथ जुड़ा हुआ है। आजादी के इतने साल बाद भी बारिश ठीक हुई तो बाकी तमाम चीजें भी ठीक होंगी, चाहे किसी की भी सरकार हो। हम कहते हैं कि बारिश ठीक नहीं हुई, इसलिए फसल ठीक से नहीं हुई। जब सब कुछ कृषि, खेती किसानों के साथ संबंधित है तो फिर सरकार इतने

वचन या घोषणा में खर्च करती है, इतनी बातें, इतनी योजनाएं हैं लेकिन वह किसानों की तरफ क्यों नहीं होता।

मैं विदेश मंत्रालय में स्टैन्डिंग कमेटी का भी सदस्य हूं। हमारा विदेश में 600 करोड़ रुपये का कमिटमेंट हुआ है, 100 करोड़ चाबहार पोर्ट के लिए है, जो ईरान के जरिए सेंट्रल एशिया से जुड़ने के लिए बहुत ज्यादा जरूरी है। 500 करोड़ रुपये मारीशस और सेशल्स के लिए हमारा कमिटमेंट है, समिति की रिपोर्ट में भी है। हमारे प्रधानमंत्री विदेश जाते हैं, वहां एड या ग्रांट्स के बारे में घोषणा करते हैं, वह अच्छी बात है। जैसे देश में घोषणा पत्र लागू नहीं करने से लोगों को बुरा लगता है, वैसे ही विदेश में भी हम जाकर घोाणाएं कर देते हैं लेकिन ऐसी कई जगह हैं जहां घोषणा के अनुसार न तो प्रावधान रखते हैं, न उनको पूरा करते हैं। राजनीति के कारण सरकार पर विरोधी पक्ष लांछन लगाता है, लेकिन विदेश के साथ जब ऐसा होता है तो वह हम सभी को परेशान करता है। इसी तरह से नेशनल डिजास्टर रिलीफ फंड के लिए दो हजार करोड़ रुपये दिए हैं। अभी हम सुखाड़ के बारे में चर्चा कर रहे थे कि बाढ़ की चपेट में आ गए। पूर्वोत्तर भारत, बिहार और उत्तर बंगाल का कुछ हिस्सा बाढ़ की चपेट में है। देश में भी ऐसा होता है कि जब तक नोयडा, गुड़गांव, दिल्ली प्रभावित नहीं होता है या मुंबई प्रभावित नहीं होता है न तो हम संसद में चर्चा करते हैं और न ही संचार माध्यमों से चर्चा आती है। जब चर्चा होगी तो विस्तार से कहूंगा। बाढ़ पीड़ितों की सहायता को प्रांतीय सरकार हो या केन्द्र सरकार हो, हम लोगों को राम भरोसे छोड़ दिए हैं। जो तस्वीर सामने आ रही है, इससे हजारों लोग पीड़ित हुए हैं, लोगों के घर उजड़े हैं, रेस्कयू के लिए कुछ काम हो रहे है लेकिन वे नाकाफी हैं। प्रांतीय सरकार सहायता मांगे, फिर आप यहां से टीम भेजे, फिर वह उसका जायजा ले, फिर आप सहायता देंगे। जब तक हम बाढ़ की चर्चा करेंगे, तब तक फिर सूखा आ जाएगा, न आए तो अच्छा है। सरकार को प्रो-एक्टिव होना बहुत जरूरी है। उसके लिए जरूरत पड़े तो और लागत देनी चाहिए। इसके लिए संसद तैयार है। आप स्वास्थ्य मंत्रालय को चार सौ करोड़ रुपये दे रहे हैं। कुछ दिनों पहले प्रश्न आया कि जिले के अस्पतालों को अपग्रेड करके मेडिकल कॉलेज खोलने की बात है। देश में 400 डिस्ट्रिक्ट्स ऐसे हैं जिनमें मेडिकल कॉलेज नहीं है और पब्लिक हेल्थ के मामले में भी वही जिला सबसे पिछड़ा हुआ है। यह सरकार की अच्छी योजना है कि हम हर साल बीस-पच्चीस जिलों को मेडिकल कॉलेज देंगे। मैं उत्तर बंगाल से आता हूं, वहां पर लोगों को बहुत परेशानी है, वहां पर नार्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज है। बाद में हमारे दौर में मालदा में मेडिकल कॉलेज हुआ, लेकिन कई जिले ऐसे हैं जहां मेडिकल कॉलेज नहीं हैं। इस योजना से लाभ होना चाहिए। हमारी दिक्कत है कि पश्चिम बंगाल सरकार ने 2014 और 2015 में कोई प्रस्ताव नहीं भेजा जबकि हम लोग मांग कर रहे हैं। वहां सरकार सुपर स्पेशियलिटी, मल्टी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल्स की बिल्डिंग बना रहे हैं लेकिन उसको केन्द्र सरकार की

योजना के साथ जुड़ाव कर दें और जिला अस्पताल को अपग्रेड किया जाए तो हमारा स्टेट भी फायदा ले सकता है और दूसरा स्टेट भी फायदा उठा सकता है। साल में 17 नहीं, बल्कि उसे और बढ़ाना पड़ेगा, नहीं तो हम बहुत दूर तक चले जाएंगे। कोलकाता में आज के दिन भी लोग डेंगू की बीमारी से परेशान हैं।

माननीय सभापति महोदय, हर बार ऐसी बारिश होती है और बारिश के बाद मच्छर होते हैं और उसकी वजह से कई जगह यह बीमारी होती है। यहां दिल्ली के आसपास भी यह परेशानी हो रही है। मैं समझता हूं कि स्वास्थ्य के मामले में अब भी हम, जो विकासशील देश हैं, उनकी तुलना में हम बहुत कम खर्च करते हैं। हम वामपंथी होने के नाते शुरू से यह कहते आ रहे हैं कि कम से कम जीडीपी का तीन प्रतिशत स्वास्थ्य पर खर्च होना चाहिए। विश्व में सबसे ज्यादा हमारे देश में आउट ऑफ पॉकेट एक्सपेंडीचर होता है। हमारे यहां 40 से 45 प्रतिशत लोग गरीब से भी ज्यादा गरीब हैं। हर साल इलाज के लिए पॉकेट से जो खर्च होता है, उसके कारण लाखों लोग अपनी जमीन जायदाद से हाथ धो बैठते हैं। उन्हें अपनी बीमारी के इलाज के लिए अपनी जमीन जायदाद बेचनी पड़ती है। इसमें इस सरकार या उस सरकार की बात नहीं है। मैं तो अपने देश की बात कह रहा हूं। अगर हमें उन गरीबों को बचाना है, तो स्वास्थ्य की मद में हमें और ज्यादा खर्च करना पड़ेगा और सरकार को जिम्मेदारी लेनी पड़ेगी। यदि आप स्वास्थ्य सेवाओं को प्राइवेट सैक्टर के हाथ में छोड़ देंगे, तो हमारे देश के गरीब लोगों की जगह और जमीन सब बिकने वाली है।

महोदय, इसी तरह से यूथ एंड स्पोर्ट्स में, मैंने देखा कि वर्ष 2014-15 में जो खर्च है, अच्छी बात है। ...(व्यवधान) मैं एप्रोप्रिएशन बिल के ही एक-एक पाइंट पर बोल रहा हूं। मैं कोई राजनीतिक भाषण नहीं दे रहा हूं और न मैं किसी पर लांछन लगा रहा हूं। इसमें आप देखेंगे कि 215 करोड़ रुपए का प्रावधान रखा गया है। यह हमारे देश की दुविधा है कि हम खेल के लिए खर्च नहीं कर रहे हैं, बल्कि खेल की इवेंट के लिए खर्च कर रहे हैं। चूंकि अंडर 16 फीफा वर्ल्ड कप होगा और ब्रिक्स का इवेंट होगा, इसलिए हम यह पैसा खर्च कर रहे हैं। हमें अपने देश में इन्फ्रास्ट्रक्चर तैयार करना चाहिए, जिससे हमारे देश के नौजवान जिले में, तहसील में और सब-डिवीजन में खेलों में अपना स्तर ऊपर उठा सकें, लेकिन हम वह काम नहीं करते हैं। हम केवल तीन इवेंट के लिए 215 करोड़ रुपए दे रहे हैं। इसमें टेलीविजन वाले भी जाएंगे, मंत्रिमंडल के लोग भी जाएंगे, कुछ चीयर लीडर्स भी होंगे, लेकिन उसके बाद खत्म। मेरा कहना है कि इवेंट्स के बजाय खेलों पर ज्यादा खर्च किया जाए। मैं आंकड़ों में ज्यादा इसलिए नहीं जा रहा हूं, क्योंकि श्री भर्तृहरि महताब जी ने इस बारे में बहुत कह दिया है, लेकिन दो-चार बातें मुझे कहनी पड़ेंगी।

महोदय, आप 40 हजार करोड़ रुपए एफसीआई को फूड प्रक्योरमेंट के लिए दे रहे हैं, अच्छी बात है। उसी तरह से आप रूरल ग्राउंड्स के लिए भी कुछ खर्च कर रहे हैं, लेकिन जो प्रक्योरमेंट आप कर रहे

हैं, उसमें मैंने देखा है कि अधिकतर जगह पर आजकल यह काम एजेंट के जरिए करते हैं, फिर चाहे यह काम राज्य सरकारों को दे दो या केन्द्र सरकार को। जब किसान मंडी में फसल लेकर आता है, तब खरीदारी नहीं होती। बाद में वह राजनीतिक हो या कोई और कारण हो, नैक्सस होता है, राइस मिल मालिक हों, उनका नैक्सस होता है और किसान का उत्पाद सस्ती कीमत पर ले लिया जाता है। जो कीमत आप देते हैं, वह उस समय नहीं मिलती, बाद में मिलती है। उससे पहले ही किसान का माल मंडियों में नैक्सस की वजह से सस्ते में ले लिया जाता है। मैं समझता हूं कि किसान को फायदा पहुंचे, इसके लिए राज्य सरकारों को भी हिदायत देने की जरूरत है।

महोदय, इसके साथ-साथ मैं कहना चाहता हूं कि आपने एमएसपी के बारे में वादा किया था कि 50 per cent above the cost of production आप देंगे। दो साल हो गए हैं, ''क्या हुआ तेरा वादा?'' आपने यह खुद कहा था। आज अगर किसानों को उनकी लागत से ज्यादा पैसा नहीं मिलेगा, तो वह खेती बेकार है। इसी कारण फार्मर्स के सुसाइड बढ़ रहे हैं। पहले भी फार्मर्स सुसाइड कर रहे थे और अब भी कर रहे हैं। फिर चाहे महाराष्ट्र राज्य ही क्यों न हो। वहां की राज्य सरकार और केन्द्र सरकार एक ही दल की हो गई हैं, इसलिए मामला ठीक हो जाएगा, यह बात कही गई थी। महाराष्ट्र में आपकी सरकार आई, लेकिन इस समस्या का समाधान नहीं हुआ। वहां पर किसानों को और ज्यादा परेशानी हो रही है।

महोदय, इसी तरह से रोड ट्रांसपोर्ट और हाइवेज के लिए आपने 31,957 करोड़ रुपए रखे हैं, अच्छी बात है। चूंकि इस बारे में हमने बार-बार चर्चा की है और मैंने खुद एक क्वैश्चन में सप्लीमेंट्री पूछा था कि मैं जिस क्षेत्र से आता हूं, वहां हाइवे के प्रोजेक्ट लंबित पड़े हैं। चूंकि वहां कोई बिडर नहीं जाना चाहता है और बैंक उनके लिए लोन नहीं देना चाहते हैं, वहां उन प्रोजेक्ट का काम बढ़ाने के लिए सरकार को आगे आना चाहिए। वहां कुछ क्षेत्र तो ऐसे हैं, जहां बिडर आ जाएंगे, लेकिन कुछ ऐसे क्षेत्र हैं, जहां सरकार को अपने फंड से धन देना पड़ेगा। मैं समझता हूं कि वह पिछड़ा हुआ इलाका है, इसलिए वहां पर पैसा खर्च होना चाहिए, ताकि उस इलाके के हाइवेज का मॉडर्नाइजेशन हो।

महोदय, डिवॉल्यूशन ऑफ मनी जिसको कहते हैं, उससे जो स्पेशल स्टेट्स थीं, उनको नुकसान हुआ। राज्य सरकारों को जो धन हम दे रहे हैं, उससे उन्हें फायदा नहीं हो रहा है। हमारे पीछे हमारे त्रिपुरा के साथी बैठे हुए हैं। पिछले साल से एक साल बाद जो धन उन्हें मिला, उसमें डेढ़ हजार करोड़ रुपए कम मिले। तब नीति आयोग भी नहीं था। वे इसकी शिकायत कहां करते। अब सरकार कहती है कि हमने डिवॉल्यूशन कर दिया, लेकिन जब आप परसेंटेज गिराते हैं, तो उससे राज्यों को नुकसान होता है। अभी आप नहीं थे, तब श्री महताब जी ने बड़ी डिटेल्स में इसे बताया था कि किस तरह से आपका दावा खोखला

है कि हम राज्यों को बहुत ज्यादा रुपए दे रहे हैं, फिर चाहे वह केरल हो, बंगाल हो या त्रिपुरा हो, कोई भी प्रान्त हो। सभी स्टेट्स में यह परेशानी है।

महोदय, मुख्य मंत्री भाषण दे देते हैं, उसमें लांछन लगा सकते हैं। मैं कल भी देख रहा था कि भा-ाण में लांछन लगा रहे थे। यहां भी भाषण हो सकता है, लेकिन जो सेंट्रली स्पोंसर्ड स्कीम हैं, जहां पर स्टेट का कंपोनेंट है, हमारे प्रान्त बंगाल में, अल्पसंख्यकों, आदिवासियों और अनुसूचित जातियों के लिए बहुत सी स्कीमें हैं, जो लागू नहीं हो रही हैं। वे लागू नहीं हो रही हैं, क्योंकि स्टेट गवर्नमैंट को जो हिस्सा है, वह उसे देना नहीं चाहते। वह उन्हें दे नहीं पाते या वे संसाधन जुटा नहीं पा रहे हैं, इससे यह परेशानी बढ़ रही है। मैं समझता हूं कि ये विज्ञापन में बता रहे हैं कि 'सबका साथ, सबका विकास' करेंगे।

सभापति महोदय, वित्त मंत्री जी आ गये हैं। मैं इससे पहले जो बात कह रहा था, उसके बारे में उन्हें सारी जानकारी है, लेकिन मैं समझता हूं कि सरकार जो यह वायदा करके आयी थी कि 'न खाऊंगा, न खाने दूंगा', तो एन.पी.ए. की आज क्या स्थिति है? अभी आपके आने से पहले मैंने ... * से लेकर तमाम कारपोरेट्स की फेहरिस्त बता दी है, जिसे हम नॉन परफोर्मिंग असेट कहते हैं, उसे आप स्ट्रैस असेट कहते हैं। जो स्ट्रैस है ...(व्यवधान) बैंक की हालत बहुत खराब हो रही है। जब पैसा निकालने की, अदायगी की कोशिश हो रही थी, उस समय रिजर्व बैंक की भी एक भूमिका थी, लेकिन मैं देखता हूं कि वित्त मंत्री जी से ज्यादा ताकतवर दूसरे सदन के माननीय सदस्य ... * निकले। मैं यहां उसकी चर्चा नहीं करना चाहता। उन्होंने ... * को रास्ता दिखा दिया। ...(व्यवधान) अच्छा है कि आपके पास दो ऐसे असिस्टेंट आये हैं, जो आपकी सहायता करेंगे। वित्त मंत्रालय की जो जिम्मेदारी है ...(व्यवधान) इस सदन के दो अच्छे कुलीग्स हैं। ...(व्यवधान) मैं कह रहा था कि आपके दोनों कुलीग्स आपका साथ देंगे और जिम्मेदारी निभायेंगे। जो लूट मची हुई है, आप एक दिन में भ्रष्टाचार समाप्त नहीं कर पायेंगे। इसी भ्रष्टाचार के सवाल को दिखाकर आपको राजनीतिक फायदा हुआ, लेकिन हम आज एक के बाद एक...(व्यवधान)

माननीय सभापति: श्री गजानन कीर्तिकर।

श्री मोहम्मद सलीम: हम खुद देखते हैं। आप ... * कांड देखिये। मैं दूसरे को क्या कसूर दूं। यह हमारी एथिक्स कमेटी में भेज दिया गया, लेकिन एथिक्स कमेटी की आज तक बैठक नहीं हुई। मैं शारदा या चिट फंड के बारे में आपको लिखता रहता हूं, लेकिन एस.एफ.आई.ओ., सेबी आदि जो तमाम एजैंसीज़ हैं, जिन्हें इस बारे में राजनीतिक पक्षपात न करके देखना चाहिए। ...(व्यवधान) इसे बोलते हैं ...(व्यवधान) ये चले आये हैं। इतने सवाल जनता से संबंधित कर रहे थे, लेकिन ... * होता है। यह पता चलता है, वरना सब

* Not recorded as ordered by the Chair.

खामोशी से सुन रहे थे। ...(व्यवधान) मै जानता हूं कि यह बहुत सेंसीटिव मामला है। ...(व्यवधान) चूंकि उनकी पूरी पार्टी जो खड़ी है, वह ... * के ऊपर है। ...(व्यवधान) इसलिए उन्हें परेशानी है, यह मैं जानता हूं। ...(व्यवधान) यह तो अच्छा है कि मैं सदन में बोल रहा हूं। जब हमारे सदस्य विधान सभा में बोलने लगे थे तो उन्हें मारकर अस्पताल में भेज दिया था। ...(व्यवधान)

माननीय सभापति : श्री गजानन कीर्तिकर।

* Not recorded as ordered by the Chair.

श्री गजानन कीर्तिकर (मुम्बई उत्तर पश्चिम): सभापति महोदय, आपने मुझे आर्थिक बजट पर बोलने का मौका दिया, उसके लिए मैं आपका आभार प्रकट करता हूं। ...(व्यवधान) मैं शिव सेना की तरफ से सप्लीमैंट्री डिमांड्स पर अपने स्टेट की कई बातें यहां रिकार्ड में लाना चाहता हूं। ...(व्यवधान)

सभापति महोदय, सन् 2015-16 में केन्द्र सरकार ने हाउसिंग फॉर आल योजना जाहिर की थी। महाराष्ट्र की जनसंख्या 11.24 करोड़ है। राज्य में पक्के मकानों की संख्या 2 करोड़ 37 लाख है। 1 करोड़, 18 लाख झुग्गी झोंपड़ियां हैं। झुग्गियों के पुनर्वसन हेतु हाउसिंग फॉर आल योजना के अंतर्गत सन् 2015-16 के लिए चार हजार करोड़ रुपये की निधि जाहिर की गयी थी, परन्तु महाराष्ट्र को केवल 1231.213 करोड़ रुपये ही दिये गये, जिससे पुनर्वसन का काम धीमा और अधूरा है। केन्द्र सरकार की ओर से राज्य सरकार को झोंपड़-पट्टी पुनर्वसन हेतु वर्ष 2016-17 के लिए 4400 करोड़ रुपये की निधि तत्काल प्रभावी ढंग से आबंटित की जाये, यह मेरी मांग है।

सभापति महोदय, जुहू एयरपोर्ट देश का पहला यात्री एयरपोर्ट है। यहां पर हर दिन 100 से अधिक छोटे या हल्के हवाई जहाजों का आवागमन होता है। इस एयरपोर्ट के परिसर में 20 एकड़ जमीन करीब 16 हजार झुग्गी-झोंपड़ियों से अतिक्रमित है। छत्रपति शिवाजी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट के आधुनिकीकरण के लिए परिसर में झुग्गियों का पुनर्वसन किया गया था। उसी तर्ज पर जुहू एयरपोर्ट परिसर की झुग्गियों का भी पुनर्वसन अतिशीघ्र करना चाहिए।

यह इस सप्लीमेंटरी डिमाण्ड्स के माध्यम से मैं सरकार के ध्यान में लाना चाहता हूं। देश के बंद पड़े 160 हवाई अड्डों को फिर से कार्यान्वित करने के बारे में सरकार ने जाहिर किया है। मिनिस्ट्री ऑफ सिविल एविएशन की ऐसी रिपोर्ट भी आई है। उसमें नासिक, सोलापुर, रत्नागिरी और कोल्हापुर एयरपोर्ट्स को प्राधान्य दिया जाए। मेरी सरकार से मांग है कि इसके लिए 100 करोड़ रुपये की निधि आवंटित की जाए। देश के सागरीय मार्गों का विकास होना आवश्यक है। विशेातः महाराष्ट्र में सागरी प्रवासी आवागमन के लिए बंदरों में जमा मलबा निकालना चाहिए। मुंबई में वर्सोवा बंदर के मलबे की सफाई हेतु केन्द्र सरकार की ड्रेजिंग कारपारेशन ऑफ इंडिया द्वारा दिए गए एस्टीमेट में 50 करोड़ रुपये की मांग की गयी है, इसका बजट में प्रॉविजन होना चाहिए, ऐसी मेरी मांग है।

क्रूज शिपिंग और टूरिज्म में पर्यटकों की बढ़ती संख्या को ध्यान में रखते हुए मुंबई पोर्ट ट्रस्ट क्रूज टर्मिनस के विकास व आधुनिकीकरण हेतु आवश्यक निधि दी जाए। महाराष्ट्र में अनुसूचित जाति-जनजाति लोगों की आबादी 65 लाख 31 हजार 200 है, इन मागासवर्गीय विद्यार्थियों के हॉस्टल हेतु वर्ष 2016-17

के बजट में कम से कम दस करोड़ रुपये की आवश्यकता है, हालांकि इसके लिए वर्ष 2015-16 के बजट में केवल दो करोड़ रुपये ही दिए गए हैं।

पवई आईआईटी मुंबई के अवकाश संशोधन व प्रशिक्षण केन्द्र के प्रलम्बित प्रस्ताव हेतु महाराष्ट्र को सन् 2015-16 के बजट में केवल 9 करोड़ 87 लाख रुपये की निधि अत्यंत अल्प है। इसके लिए कम से कम 50 करोड़ रुपये की जरूरत है। साथ ही इस केन्द्र के लिए आरक्षित भूखण्ड पर जो झुग्गियां हैं, उन लोगों का भी पुनर्वसन होना चाहिए। महाराष्ट्र की कुल आबादी का 54.8 प्रतिशत ग्रामीण आबादी है। राज्य के ग्रामीणों के अपारम्परिक ऊर्जा के उपयोग के लिए केन्द्र सरकार ने राज्य सरकार को सन् 2015-16 के बजट में 21 करोड़ 74 लाख रुपये की निधि दी थी। वर्ष 2016-17 के बजट में इसमें बढ़ोत्तरी कर लगभग 100 करोड़ रुपये की निधि देने की मैं मांग करता हूं।

आग लेखापरीक्षा समिति यानि फायर ऑडिट कमेटी की सिफारिश के अनुसार अग्निशमन की सेवा शहरों में पांच से सात मिनट में और ग्रामीण भागों में 20 मिनट में पहुंचनी जरूरी है। देश की जनसंख्या को ध्यान में रखते हुए देश भर में 8560 फायर ब्रिगेड स्टेशन्स होने चाहिए, परन्तु वर्तमान में केवल 2990 फायर ब्रिगेड स्टेशन्स हैं। जनसंख्या के हिसाब से महाराष्ट्र में 917 फायर ब्रिगेड स्टेशन्स होने चाहिएं, लेकिन वहां केवल 157 फायर ब्रिगेड स्टेशन्स ही हैं, जिसकी वजह से फायर ब्रिगेड दल दुर्घटनास्थल पर समय पर नहीं पहुंच पाता है, जिससे बड़ी जीवित और आर्थिक हानि होती है। अग्निशमन दल की कार्यक्षमता, दक्षता और अग्निशमन केन्द्रों की संख्या बढ़ाने हेतु महाराट्र को कम से कम 100 करोड़ रुपये की निधि तत्काल रिलीज की जाए।

मुंबई में 320 पोस्ट ऑफिसेज भाड़े की जगहों पर चल रहे हैं। आज मुंबई की आबादी दो करोड़ है। डाक विभाग के मुंबई में 21 भूखण्ड हैं, इनमें से सात भूखण्डों पर अतिक्रमण हो चुका है। डाक कर्मचारियों की 12 स्टाफ कालोनीज के 988 निवास स्थानों में से 251 स्टाफ क्वार्टर्स अत्यंत कमजोर और गिरने की कगार पर हैं। ये सभी विगत पांच वर्षों से खाली पड़े हैं। लोखंडवाला उपनगर में 980 चौरस मीटर, मोतीलाल नगर, गोरेगांव पश्चिम में 1331.81 चौरस मीटर, उन्नत नगर, गोरेगांव पश्चिम में 506 चौरस मीटर, मजासवाड़ी में 886 चौरस मीटर आदि सभी भूखण्डों पर अतिक्रमण हुआ है। इससे स्पट है कि डाक विभाग के पास खाली जमीन है। जनसंख्या की वृद्धि को देखते हुए पोस्ट ऑफिसेज की संख्या बढ़ानी आवश्यक है। पुराने पोस्ट ऑफिसेज एवं कर्मचारी निवास स्थानों की दुरुस्ती तथा नए पोस्ट ऑफिसेज की संख्या बढ़ाने हेतु लगभग 500 करोड़ रुपये की निधि की जरूरत है। यह सरकार से मेरी मांग है। आप आज इसे नहीं दे पाएंगे, लेकिन इसका नोट आपके पास होना चाहिए।

भारतीय संविधान के आर्टिकल 275(1) के अनुसार केन्द्र सरकार राज्यों को अनुदान देती है। महाराष्ट्र के लिए वर्ष 2015-16 के लिए राज्य आपदा कोा (एसडीआरएफ) के लिए 112 करोड़, 25 लाख रुपये, ग्राम विकास निधि के रूप में 1623 करोड़ 32 लाख रुपये एवं नगर विकास निधि 1191 करोड़, 24 लाख रुपये की राशि दी गयी है। केन्द्र सरकार को मिलने वाले धन में महाराट्र की हिस्सेदारी को ध्यान में लेते हैं तो उपरोक्त सभी निधियों में बढ़ोत्तरी करना अति आवश्यक है।

वर्तमान बजट में विकलांगों के लिए साहित्य/उपकरण हेतु रुपये 5 करोड़, 78 लाख रुपये दिये हैं, यह राशि न्यूनतम 50 करोड़ रुपये करनी आवश्यक है। एमपी लैड फंड से विकलांगों को साहित्य खरीदने के लिए निधि देनी पड़ रही है। दीनदयाल विकलांग पुनर्वसन योजना के तहत महाराष्ट्र को जारी किये गये रुपये 92 लाख की निधि अल्प है, यह न्यूनतम 10 करोड़ रुपये होनी चाहिए।

महाराष्ट्र को अनुसूचित जाति, जनजाति के विद्यार्थियों को मुफ्त शिक्षा हेतु केन्द्र से बजट में केवल 58 लाख रुपये ही निधि दी गयी है। मध्यमवर्गियों के शैक्षणिक विकास हेतु बजट में बढ़ोतरी करनी अति आवश्यक है। बायोटेक्नालॉजी रिसर्च एंड डैवलपमेंट योजना के अंतर्गत 32 करोड़ 36 लाख की निधि अधूरी है। न्यूनतम 100 करोड़ रुपये की आवश्यकता है। प्रत्येक यूनिवर्सिटी में सदर योजना शुरु करनी चाहिए।

स्टेट साइंस एंड टेक्नोलॉजी डवलपमेंट प्रोग्राम के लिए महाराष्ट्र को केवल 33 लाख रुपये की निधि दी है, न्यूनतम निधि 5 करोड़ रुपये होनी चाहिए।

ग्रामीण स्कूलों में स्टेट साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रयोगशाला के लिए सदर राशि आवश्यक है।

डिजीटल इंडिया प्रोग्राम के लिए रुपये 384 करोड़, 70 लाख और सेंटर डवलपमेंट के लिए रुपये 152 करोड़, 65 लाख केन्द्र ने महाराष्ट्र को वर्तमान बजट में जारी किये हैं। न्यूनतम 500 करोड़ रुपये की निधि आवश्यक है।

महाराष्ट्र के कुल 54.7 प्रतिशत माध्यमिक व उच्च माध्यमिक स्कूलों में संगणक/ कंप्यूटर्स नहीं हैं जिससे उक्त स्कूलों के सभी विद्यार्थी संगणक व विज्ञान से अनजान ही हैं।

महाराष्ट्र की 6 करोड़, 15 लाख 56 हजार ग्रामीण आबादी के लिए मनरेगा रोजगार का प्रभावी माध्यम है। इसके लिए बजट में केवल 1 करोड़ 36 लाख रुपये ही दिये गये हैं। इस हेतु न्यूनतम निधि 50 करोड़ रुपये होनी चाहिए।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी अर्बन मिशन के लिए महाराष्ट्र को जारी निधि 2 करोड़ 40 लाख रुपये आवश्यक है, इसमें बढ़ोतरी कर 10 करोड़ रुपये इसको कर दिया जाए।

प्रौढ़ शिक्षा के लिए केवल 5 करोड़ 72 लाख रुपये महाराष्ट्र को दिये गये हैं। सौ प्रतिशत साक्षरता हेतु महाराष्ट्र के प्रयास को प्रोत्साहन हेतु केन्द्र से राज्य को न्यूनतम निधि 25 करोड़ रिलीज की जाए।

'सीखो और कमाओ' (स्किल डवलपमेंट फॉर स्टूडेंट्स) योजना के तहत महाराष्ट्र को जारी 2 करोड़ 15 लाख रुपये की निधि में वृद्धि कर न्यूनतम 25 करोड़ रुपये राशि करनी चाहिए। महाराष्ट्र की 25 हजार माध्यमिक स्कूलों के 64 लाख, 14 हजार विद्यार्थियों को तकनीकी शिक्षा से रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। प्रोडक्शन ऑफ फिल्म्स एंड डॉक्यूमेंट्रीज इन वेरियस लैंग्वेज के लिए महाराष्ट्र को बजट में 6 करोड़ रुपये की निधि दी गयी है।

मराठी भाषा में महत्वपूर्ण सामाजिक व शैक्षणिक डॉक्यूमेंट्रीज का निर्माण बड़े पैमाने पर किया जाता है जिसके लिए केन्द्र से 10 करोड़ रुपये की निधि और अन्य भाषाओं की डॉक्यूमेंट्रीज हेतु 20 करोड़ रुपये की निधि दी जाए।

महाराष्ट्र की कुल लंबाई 2 लाख 99 हजार 368 कि.मी. मार्गों में से कई मार्गों का चौड़ीकरण करना आवश्यक है। नेशनल हाईवे ऑथोरिटी ऑफ इंडिया ने राजमार्गों की चौड़ीकरण हेतु केवल 76 करोड़ 60 लाख रुपये की राशि जारी की है। आवश्यकता 500 करोड़ रुपयों की है। आपने देखा होगा कि बाढ़ में जो गंभीर हादसा हो गया। ऐसे 10 और पुल हैं जो कमजोर हैं, जिनकी रिपेयरिंग करनी चाहिए, इसलिए मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि इनको रिपेयर किया जाए।

वर्तमान बजट में रोड सेफ्टी के लिए महाराट्र हेतु 2 करोड़ 41 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है। न्यूनतम राशि 25 करोड़ रुपये करना जरूरी है। विगत वर्ष राज्य में कुल 63805 रोड दुर्घटनाओं में 13212 व्यक्तियों ने अपनी जान गंवाई है। यह पूरी मांग इस बजट में होनी नामुमकिन है, लेकिन आपके माध्यम से मैं अपनी राज्य सरकार की तरफ से और शिव सेना की तरफ से माननीय वित्त मंत्री जी से मांग करता हूं, इन पर ध्यान दिया जाए और आने वाले बजट में इसके लिए प्रावधान किया जाए। धन्यवाद।

SHRI BHEEMRAO B. PATIL (ZAHEERABAD): Chairman, Sir, I would like to thank you for giving me an opportunity to speak in this debate regarding Supplementary Demand for Grants. First, let me lay out some facts regarding the demands.

The Government has sought approval of Parliament for Gross Supplementary Demand of Rs.1.03 lakh crore. Out of this total amount, an additional cash expenditure demanded from the Consolidated Fund of India is

Rs.20,948 crore. The remaining amount of Rs.82,065 crore is being met by savings from Ministries and Departments.

According to the Comptroller and Auditor General, the Plan Expenditure by the Government in the months of April-May has increased sharply by 46 per cent to Rs.90,570 crore. It is important to know that grants should be sought only for urgent proposals and leakages in spending should be curtailed for efficient usage of funds. This is all the more important when it is clear that some Ministries are unable to effectively utilise the funds allotted to them. Another recurring problem is that some Ministries are unable to effectively calculate how much funds are required, which results in large variations in the funds asked for.

An example would be the Ministry of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare. The Department of Agriculture, Cooperation and Farmers Welfare in 2014-15 asked for Rs.22,603 crore in the Budget Estimates but later in the Revised Estimates they asked for Rs.19,822 crore. This means that it could not spend all the funds. The same thing happened in 2015-16. In the Budget Estimates it asked for Rs.16,959 crore but in the Revised Estimates it asked for only Rs.15,765 crore. Again, it could not spend all the money and had incorrectly estimated its needs.

This year the Budget Estimates for 2016-17 was almost doubled to Rs.35952 crore but now in the Supplementary Demands it is asking for Rs.1400 crores more.

In addition to the excess funds asked for, there is an issue of Krishi Kalyan cess. The money collected through it is transferred to the Krishi Kalyan Kosh. The Government must ensure that this fund is operationalized and disbursed to the State Governments through the appropriate channels at the earliest. The problem of unspent funds collected through cess is a big one. The CAG said that roughly Rs.1 lakh crore of cess fund remained unutilized.

The key issue is that the absorption capacity of this Ministry, and other Ministries like it, should be increased. This means that all pending vacancies

should be filled at the earliest, technological modernisation of offices should take place and programmes for capacity building of employees should be undertaken so that the Ministry can effectively make use of the funds that are allotted to it.

Most importantly, we see that transfer of fund to the State Governments is often delayed due to complex procedures and lack of sensitivity towards the concerns of State Governments. This should be streamlined so that State Governments and local authorities receive payments in time to carry out their works.

Coming to the Rural Development Ministry, it is pleasing to know that the Government has further allotted funds to MGNREGA. It shows the Government's acknowledgement for the scheme which is a great source of rural income, even more so in the situation of drought. This infusion of funds would without a doubt lead to rural job creation and improve living conditions.

The Government should take caution while increasing overall expenditure because if the Government is not able to generate additional revenue, the fiscal deficit would rise from 3.5% to 3.7% of the GDP.

I would like to congratulate the Government for seeking Rs. 1000 crore for Indian strategic petroleum reserves at Vizag, Mangalore and Pudur. This step is important in situations of contingencies as it would increase India's petroleum reserves but it is miniscule in front of reserves of countries like China. Further provisions should be made to increase the reserves.

The Government has sought Rs. 2,000 crore as grants for Department of Telecommunication for the implementation of the scheme 'Bharat Net' which is a PPP initiative. The scheme is essential to connect gram panchayats through optical fibre network and provide e-services. But the scheme needs clarity on various fronts like (i) Right of way or the procedure followed to carry out work (ii) Administrative framework for clearances. I would like the Minister to reply to this in his speech.

Further, out of Rs. 2000 crore, half or Rs.1,000 crore is to be transferred to Universal Service Obligation Fund created to pay telecom providers for creation and augmentation of telecom infrastructure and access to various telecom services to people in rural and remote areas, operation and maintenance of Village Public Telephones. While this is a welcome step, the funds are ultimately being provided to private telecom operators.

Thus, stringent mechanisms of accountability as well as monitoring and evaluation frameworks need to be set up to ensure that funds are being used for the benefit of the public and not being diverted towards corrupt activities.

Regarding demands on the capital side, the maximum increase in funds sought is from the Ministry of Food and Public Distribution. They have asked for a four times increase from the original grant. Initially, it was Rs. 10,600 crore on capital side. The Supplementary Budget is now asking for Rs. 40,500 crore. No solid justification has been provided as to where this money has to be allocated and utilized. Also, given that the increase is so large, it points to inefficient budgeting systems.

The Ministry needs improved budgeting and accounting system for calculating how much money is needed. Care should be taken that the present amount is not in excess of what is required.

Lastly, we should all agree upon that the funds sought by the Government should be used judiciously for better implementation of policies and for the greater good of the public.

To conclude I would urge the Government to take notice of current issues faced by our country like floods, price rise etc. and develop the needed infrastructure to tackle these problems urgently.

Thank you.

SHRI Y.V. SUBBA REDDY (ONGOLE): Mr. Chairman, Sir, I thank you for giving me an opportunity to participate in the debate on Supplementary Demands for Grants for the year 2016-17.

It is customary for the Union Government to seek the vote of Lok Sabha for the Supplementary Demands for Grants. We vote in favour of this.

Thanks to the global petroleum and commodity prices falling substantially over the last two years, the Union Government has been able to mop up substantial revenues, particularly of indirect taxes - customs and Central Excise. In 2015-16, the Central Excise· collections grew by a whopping 55 per cent over that of the previous year.

The Union Government has increased many cesses in the name of clean energy and agriculture also. Service Tax was also increased substantially resulting in a growth of 26 per cent in 2015-16 over that of the previous year. The same trend is continuing in the current fiscal. The figures of indirect tax collection for the 1st quarter of current financial year 2016-17 indicate a growth rate of 30.8 per cent over the corresponding period of the previous year.

Technically, our GDP growth rate at 7.5 per cent may appear little higher than that of China's, which is at 6.9 per cent. What we should not forget is our growth rate is on two trillion dollar GDP as against China's 10 trillion dollars. We have, therefore, a long way to achieve our growth potential.

As per the available figures, the capital expenditure in 2015-16 grew by 19.6 per cent as against a negative growth rate of 0.5 per cent in 2014-15. This is a good sign. The Government should continue spending more and more on capital expenditure, even if it means higher fiscal deficit, as long as such higher fiscal deficit does not go into meeting revenue deficit. What really matters is controlling revenue deficit. Higher public spending alone can catalyse higher private investments, together contributing to higher growth, which is the need of the hour.

It is notable that the Union Government is trying to create competition among States by ranking them on ease of doing business initiatives.

At the ground level, things have not yet improved. There is still phenomenal red tape negating all the policy initiatives of the Government. A conscious effort has to be made to gradually reduce and eventually eliminate the malice of red tape.

Given the stress faced by rural economy, the Budget for the farming community was not adequate. The Prime Minister Fasal Bima Yojana saw an increase from Rs. 2,598 crore in 2014-15 actuals to Rs. 5,000 crore in the Budget, but the increase is directed towards subsidizing premiums for the existing insured farmers. The increased funding should have gone to cover a bigger number of farmers instead of going to insurance companies.

Sir, allocation to Ministry of Health and Family Welfare went up by a paltry Rs. 4,240 crore, remaining at the same abysmally low level of 0.24 percent of GDP.

New schemes like insurance for poor families and a National Dialysis Programme show an increasing dependence on private sector health care. Focus should be on provision of free medicine and diagnostics to help in addressing the larger issues of access to health care.

17.00 hours

The flagship Swachh Bharat Abhiyan does not seem to have a provision to improve the lives of Dalits who are constantly harassed. The Centre needs to take cognizance of social and regional disparities in development. It needs to play a crucial role in addressing disparities by investing more in areas and take care of the marginalized sections that lag behind. The soaring prices have caused great unrest in the country, especially among the middle class and marginalized sections of society. Life is becoming difficult for the people. I hope the Finance Minister would control the inflation at the earliest which would be a great relief to the people, particularly the farmers and the poor people.

It is now about 26 months since Andhra Pradesh was bifurcated, but the grant of Special Category status to Andhra Pradesh, as promised by both the UPA

and the NDA Governments, is yet to be implemented. The former Prime Minister had given the assurance on the floor of the Upper House, which was supplemented by the present Union Minister of Urban Development, and this decision would put the State's finances on a firmer footing.

17.01 hours (Hon. Deputy-Speaker *in the Chair*)

People of the State are terribly agitated and restless. There have been several cases of self-immolation. The people of Andhra Pradesh want justice. Andhra Pradesh is a very genuine case for Special Category status as revenue from Hyderabad was not being apportioned between the States of Andhra Pradesh and Telangana resulting in likely revenue deficit. I would request the Government to fulfill its commitment of granting Special Category status to Andhra Pradesh immediately without any further delay.

With these words, I support the Supplementary Demands for Grants for 2016. I would once again request the hon. Finance Minister to give a clear statement about granting of Special Category status to Andhra Pradesh in his reply. Thank you.

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, सबसे पहले मैं अपने प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी को, माननीय वित्त मंत्री जी को और सभी राजनीतिक दलों के सभी लोगों को बधाई देना चाहता हूँ, जिनके कारण जीएसटी बिल, जो इतने वर्षों से पेंडिंग था, वह पास हो गया। इसके लिए, प्रधानमंत्री जी ने कहा कि को-ऑपरेटिव फेडरलिज्म की तरफ यह देश कैसे बढ़ता है और देश को बनाने के लिए सभी राजनीतिक दल किस प्रकार से एक साथ इकट्ठे हो जाते हैं, यह उसका सबसे बड़ा उदाहरण है।

जीएसटी बिल का इतिहास है कि जब वर्ष 2000-01 में माननीय जेटली साहब केन्द्र सरकार में कॉमर्स मिनिस्टर थे, तो तत्कालीन प्रधानमंत्री माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी चाहते थे कि "वन नेशन, वन टैक्स " की थ्योरी आगे बढ़े। उस समय पश्चिम बंगाल के जो वित्त मंत्री श्री असीम दासगुप्ता साहब, जो सीपीएम के थे और बाद में एम्पावर्ड कमेटी के चेयरमैन बने, उनसे उन्होंने कहा कि इसकी ओर हम लोगों को बढ़ना चाहिए। वर्ष 2003 में माननीय यशवंत सिंह जी वित्त मंत्री थे, तो उन्होंने केलकर साहब को कहा कि इस तरह की कोई रिपोर्ट बननी चाहिए और फाइनली केलकर साहब की कमेटी बनी। वर्ष 2005 में उनकी रिपोर्ट आ गयी और वर्ष 2006-07 में यूपीए ने बजट में, चिदम्बरम साहब ने कहा कि हम जीएसटी की तरफ बढ़ रहे हैं और उन्होंने इसका एक डेडलाइन फिक्स किया कि 1 अप्रैल, 2010 को जीएसटी लागू करेंगे। इसके बाद, दूसरे वित्त मंत्री, जो वर्तमान में देश के महामहिम राट्रपति महोदय हैं, ने कहा कि हम इसे 1 अप्रैल, 2011 से लागू करेंगे। वर्ष 2011 में फाइनली जून के आसपास यह बिल इंट्रोड्यूस हुआ और इसके बाद उस समय की वित्त समिति में मैं सदस्य के रूप में था, माननीय यशवंत सिन्हा जी उस कमेटी के चेयरमैन थे, हम लोगों ने इसका डेलिब्रेशन किया। हम लोगों ने पार्टीज़न लेवल से ऊपर उठकर, कई लोगों को यह लगता है कि उस समय यह विरोध कर रहा था, वह विरोध कर रहा था, लेकिन मेरा व्यक्तिगत रूप से यह कहना है कि उस समय जो चेयरमैन थे, वे भारतीय जनता पार्टी के थे और मेरे अलावा अन्य पार्टियों के भी सदस्य थे। हम सब ने मिलकर वर्ष 2013 में जीएसटी का पूरा ड्राफ्ट बिल बनाकर स्टैंडिंग कमेटी ने दिया। किसी न किसी कारण से यह बिल रुकता रहा। लेकिन आज जो समय है, जीएसटी के बाद, केवल जीएसटी नहीं, जब यह सरकार आयी, तो इस देश के क्या हालात थे।

श्री वेणुगोपाल जी बोल रहे थे और बाद में श्री भर्तृहरि माहताब साहब भी बोल रहे थे कि उस समय पूरा का पूरा टैक्स टेररिज्म था। लोगों को दिखायी नहीं दे रहा था कि क्या होगा, किसके ऊपर रेड हो जाएगा, किसके ऊपर क्या जाएगी, पॉलिसी पैरालिसिस जैसी बन गयी थी। जीएसटी तो एक बड़ा कांस्टीट्यूशनल एमेंडमेंट था, यहाँ पर श्री सुदीप बंद्ययोपाध्याय साहब बैठे हुए हैं, इंश्योरेंस में, पेंशन में, किस तरह के लेजिस्लेशन होंगे, किस तरह के चेंजेज़ होंगे, जो यूपीए के एलाइज़ थे, वे उनका साथ देने

को तैयार नहीं थे। इस कारण से सभी को लगता था कि यह देश अब कभी आगे नहीं बढ़ सकता है। माननीय मोदी जी को जब जनता ने चुना तो केवल जीएसटी ही नहीं, एक के बाद एक ऐसे लेजिस्लेशन हम लाए, जिनसे देश आगे बढ़ सकता है।

मोहम्मद सलीम जी ने जो कहा है, मैं उसका जवाब बाद में दूंगा, लेकिन मैं यहां यह बताना चाहता हूं कि हमने इंश्योरेंस सेक्टर में 49 परसेंट एफडीआई अलाऊ किया है। इसी तरह से विदेश में काले धन को जाने से रोकने के लिए कानून, वर्ष 1988 में माननीय राजीव गांधी साहब ने बेनामी ट्रांजेक्शन एक्ट बनाया था हमने उसको मजबूत किया है, एनपीए की समस्या को काबू करने के लिए बैंकरप्सी और इनसोल्वेंसी एक्ट लाए, इसके बाद सरफेसी एक्ट में संशोधन किया, डीआरटी एक्ट में संशोधन लाए। मैं यह कहना चाहता हूं कि वर्ष 2008 के बाद से पूरी दुनिया के देश परेशान थे। दुनिया के देशों में और इस देश के लोगों में कॉन्फिडेंस लाने के लिए माननीय मोदी जी ने और हमारे वित्त मंत्री माननीय जेटली साहब एक के बाद एक इतने लेजिस्लेशन लेकर आए, जिससे लगता है कि यह देश आज अच्छी स्थिति में है। चार-पांच साल के बाद एक दिन ऐसा आएगा, जब हमारा देश विकसित देशों की श्रेणी में खड़ा होगा।

महोदय, यूपीए की सरकार के समय में 'अंधेर नगरी, चौपट राजा' वाली हालत थी। हालत यहां तक थी कि डायरेक्टर, सीबीआई के यहां कौन-कौन लोग आ रहे हैं, कोलगेट और 2जी केसिस में क्या-क्या किया जा रहा था? यह मैं नहीं कह रहा हूं यह सुप्रीम कोर्ट कह रहा है कि तत्कालीन सरकार किस तरह से भ्रटाचारियों को बचाने में लगी हुई थी। आप इसको इससे समझ सकते हैं कि 15 लाख से 20 लाख करोड़ रुपये का टैक्स डिस्प्यूट में फंसा हुआ था। किसी का केस सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है, किसी का हाई कोर्ट में चल रहा है, किसी का केस ट्रिब्यूनल में चल रहा है। इन सब के लिए कोई मकेनिज्म नहीं था। हमारी सरकार ने आते ही सबसे पहले टैक्स डिस्प्यूट का मकेनिज्म तय किया ताकि इनको आउट ऑफ कोर्ट सैटल किया जा सके। मैं यहां बताना चाहता हूं कि टैक्स डिस्प्यूट के केसिस पिछले बीस-बीस सालों से चल रहे थे। 10-15 लाख रुपये के टैक्स डिस्प्यूट केसिस को लड़ने के लिए हम वकीलों पर लगभग 50 लाख, 60 लाख, 1 करोड़ और 2 करोड़ रुपये खर्च कर रहे थे। हमारी सरकार ने इन सब समस्याओं को हल किया।

महोदय, आप ... *के बारे में जानते होंगे। मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देना चाहता हूं कि ... * जी के यहां बंगाल में रेड हुई है। वह कौन हैं? आपको यह जानकर आश्चर्य होगा ... *एक बड़े बिजनेसमैन के दामाद ही नहीं हैं, बल्कि कांग्रेस के किसी जमाने में ... * काण्ड हुआ था, तो उनकी जो

* Expunged as ordered by the Chair.

वाइफ हैं, वह ... * की बेटी हैं। कांग्रेस के तार इससे किस तरह से जुड़े हुए थे? टैक्स इवेडर्स, हवाला ऑपरेटर्स और ब्लैक मनी वालों को बाहर भेजने के लिए क्या करते थे, यह उसका सबसे बड़ा उदाहरण है। इसी तरह से देश में जो बिचौलिए किस्म के लोग काम करते थे। आप किसी भी होटल में चले जाइए, ली मैरीडियन में चले जाइए, इम्पीरियल में चले जाइए, ताज में चले जाइए, आपको सभी डील करते नजर आते थे। उन सभी बिचौलियों पर हमारी सरकार ने ईडी और इनकम टैक्स की रेड डाली है, बड़े-बड़े बिजनेसमैन पर रेड डाली है। जो डायरी मिली है, वह आई-ओपनर है कि किस तरह से बिजनेसमैन, ब्यूरोक्रेट्स और पॉलिटिशन, कोई अमेरिका जा रहा है, कोई लंदन जा रहा है। किसी के लिए वह टिकट की व्यवस्था कर रहा है। हमारी सरकार ने 45 हजार करोड़ रुपये की ब्लैक मनी को पकड़ने का काम किया है। अगर यही सिचुएशन रही तो हमारी सरकार का जनता से जो कमिटमेंट था - न खाएंगे न खाने देंगे और इस देश के गांव, गरीब और किसानों को पैसा देंगे। इस पर हमारी सरकार बहुत ज्यादा ध्यान दे रही है।

महोदय, आज जो दुनिया की स्थिति है, वह मैं आपको बताता हूं। दुनिया में यदि इकोनोमिक ग्रोथ की बात करेंगे तो हमारी सरकार क्या कर रही है और इस सरकार ने दो साल में क्या किया है। यह इकोनोमिक ग्रोथ का ग्लोबल इकोनोमी का चार्ट है। यह कह रहा है कि यू.एस. में इंटरैस्ट रेट बढ़ गया और आई.एम.एफ. ने जी.डी.पी. ग्रोथ का परसैन्टेज इस साल घटा दिया। यह यू.एस. की हालत है। जापान की हालत उससे बदतर है। जिस तरह से ब्रिटेन में ब्रेक्जिट हुआ है, उसके बाद पूरी की पूरी क्रेडिट रेटिंग एजेन्सी से लेकर वर्ल्ड बैंक और आई.एम.एफ. ने यह कहा है कि उसकी पोजीशन बहुत खराब होने वाली है। आज पूरा का पूरा यूरोप क्राइसेज से जूझ रहा है और उसके बाद भारत की क्या हालत है। IMF expects India to grow faster than China by 2016. यह हम नहीं कह रहे हैं। आपको लग रहा है कि यह सरकार क्या कर रही है, आपको लग रहा है कि दो साल में क्या हुआ। यह आई.एम.एफ. की रिपोर्ट है और आई.एम.एफ. यह कह रहा है कि इंडिया 6.5 परसैन्ट के रेट से बढ़ रहा है, यह 2016-17 की रिपोर्ट है। यदि यह जी.एस.टी. पास हो गया तो उन्हें पता है कि डेढ़ परसैन्ट या दो परसैन्ट और बढ़ेगा, तो हमें लगता है कि इकोनोमी आठ परसैन्ट तक जायेगी। जबकि पिछले 20-25 सालों में पहली बार ऐसा हो रहा है, यह आई.एम.एफ. ने कहा कि चाइना का ग्रोथ रेट 6.3 परसैन्ट होगा। यह किसके कारण है, यह किसके कारण संभव है, हमारे प्रधान मंत्री जी और माननीय वित्त मंत्री जी की पालिसी के कारण आज यह स्थिति है कि आई.एम.एफ. को यह बोलना पड़ रहा है कि हम इस तरह से आगे बढ़ेंगे।

* Expunged as ordered by the Chair.

इसके बाद आप देखें कि हमने क्या कहा। हम 20,948 करोड़ रुपये का एक कैश आउट-फ्लो लेकर आए हैं, जिसमें 17 हजार, साढ़े 17 हजार करोड़ रुपये हम प्लान में ले जायेंगे और तीन, साढ़े तीन हजार करोड़ रुपये नॉन-प्लान में ले जायेंगे। उसके बाद लगभग 80-82 हजार करोड़ रुपये का हम एडजस्टमैन्ट करेंगे। लेकिन यदि आप देखेंगे कि जो हमारी प्लान फंडिंग है, ऐसा पहली बार हुआ है, क्योंकि कांग्रेस के समय हमेशा माननीय वित्त मंत्री जी कहते थे कि वह एक बजट ऐस्टीमेट बनाते थे, फिर रिवाइज्ड ऐस्टीमेट बनाते थे, बी.ई., आर.ई. और उसके बाद एक्चुअल ऐस्टीमेट होता था। वह बी.ई. बढ़ाकर बना लेते थे कि हम दस लाख करोड़ रुपये का प्लान ले जायेंगे। लेकिन जब उसका रिवाइज्ड करते थे तो उसे डाउन कर देते थे कि हम दस लाख करोड़ रुपये नहीं कर पायेंगे, हम आठ लाख करोड़ रुपये ही करेंगे। परंतु जब एक्चुअल करने की बात आती थी तो उसे पांच लाख करोड़ रुपये कर देते थे। लोगों को लगता था कि हम बहुत बड़े विकास में जा रहे हैं। लेकिन पहली बार इस सरकार ने यह किया कि उसने अपना बजट ऐस्टीमेट इस तरह से बनाया कि हम पांच लाख पचास हजार करोड़ रुपये बजट ऐस्टीमेट में खर्चा करेंगे और इस बार हम जो सप्लीमेन्टरी डिमांड्स फॉर ग्रांट्स लेकर आए हैं, इसके आधार पर यह समझिये कि यह बजट ऐस्टीमेट, जिसे रिवाइज्ड ऐस्टीमेट कहते हैं, वह 5 लाख 67 हजार करोड़ रुपये हो जायेगा। मैं यह समझता हूं कि यू.पी.ए. और एन.डी.ए. में जो फर्क है, वह यही सबसे बड़ा फर्क है।

इसके बाद मैं आपको बताता हूं कि डिवोल्यूशन टू स्टेट्स, यहां बहुत लोग चर्चा करते रहते हैं कि 14वें वित्त आयोग में क्या मिला, राज्यों को आप पैसा दे रहे हैं या नहीं दे रहे हैं। यदि आप उसे देखेंगे तो एक्चुअल डिवोल्यूशन टू स्टेट्स को टैक्स और ड्यूटीज पर 2014-15 में हम 3,37,808 करोड़ रुपये दे पाये और यदि इस बार आप देखेंगे तो हम 5,70,337 करोड़ रुपये दे रहे हैं। हम 2014-15 से 68 परसैन्ट ज्यादा और 2015-16 से 13 परसैन्ट ज्यादा दे रहे हैं। इसके बाद यह समझिये कि 14वें वित्त आयोग के पास, राज्यों के पास यदि हम यह पैसा देने की बात करते हैं तो यह सरकार विकास कर रही है, यह सरकार कोऑपरेटिव फैडलरिज्म की तरफ जा रही है, यह सरकार गांव, गरीब किसानों की बात कर रही है या जो पुरानी सरकार थी।

इसी तरह से मैं आपको बताऊं कि नॉन-प्लान ग्रांट्स और लोन जो हम स्टेट्स को देते थे, 2014-15 में हमने 76,286 करोड़ रुपये दिये और इस बार हम 1,15,655 करोड़ रुपये दे रहे हैं। यह 51 परसैन्ट का इजाफा है। यह पैसा कहां से आ रहा है। जब हमारा बजट ऐस्टीमेट से रिवाइज्ड ऐस्टीमेट और एक्चुअल ऐस्टीमेट ज्यादा हो रहा है तो इसका मतलब यह है कि जिन लोगों की हम बात कर रहे हैं कि हम गांव और गरीब किसानों को समृद्ध करेंगे, महिलाओं को समृद्ध करेंगे, माइनोरिटीज को समृद्ध करेंगे, हम सभी को पब्लिक अकाउंट्स के साथ जोड़ेंगे तो आप यह देखें कि यह सबसे बड़ा उदाहरण है कि हम आगे बढ़ने

का प्रयास कर रहे हैं। इसके बाद मैं आपको बताऊं कि जो स्थितयां हैं कि यह बजट है क्या, यह बजट क्यों आया? सबसे बड़ा सवाल यह है, कई लोगों ने इस पर चर्चा की कि बजट देखने में बहुत छोटा लगता है। ''देखन में छोटन लगे, घाव करे गंभीर।''

यह दिखाता है कि हमारी सरकार का मतलब क्या था और किस तरह यूपीए की सरकार में चीजें रूकी हुई थीं। मैं आपको यह बताना चाहता हूँ कि प्राइस स्टेबलाइज़ेशन फंड के लिए इस सरकार ने पैसा दिया है और 40 हज़ार करोड़ रूपये एफसीआई के लिए दिए हैं और क्यों दिए हैं, क्योंकि हमारी सरकार का जो फोकस एरिया है वह हैल्थकेयर है। माननीय अटल बिहारी वाजपेयी जी की जब सरकार थी, तब उन्होंने छह एम्स के बारे में चर्चा की थी कि छह एम्स होंगे। लेकिन जब हमारी सरकार आई और माननीय जेटली जी जब वित्त मंत्री बने तब उन्होंने कहा कि छह एम्स से भी काम नहीं होने वाला है, हम प्रत्येक राज्य को एक-एक एम्स देंगे। एक-एक एम्स देने की प्रक्रिया में हम हैल्थ केयर में सबसे ज्यादा बजट दे रहे हैं। शिक्षा का अधिकार आपने लागू तो कर दिया, लेकिन केंद्रीय विद्यालय कहां खुला हुआ है, कहां नहीं खुला हुआ है, नवोदय विद्यालय कहां है, सर्व शिक्षा अभियान में स्कूल हैं कि नहीं हैं, शिक्षक हैं कि नहीं हैं, इसके ऊपर भी ध्यान दिया गया है।

मैं केवल यह कहूंगा कि एफसीआई में होता क्या था कि यूपीए सरकार में केवल रिपोर्ट बन जाती थी। सन् 2004-05 में एक रिपोर्ट बनी और रिपोर्ट यह बनीं, यह कंज्यूमर अफेयर्स मिनिस्ट्री का है और उसने कहा कि Increase of efficiency of distribution of channels from farm to consumer. लेकिन एक भी काम नहीं हुआ। सन् 2004-05 की यह एक्सपर्ट कमेटी की रिपोर्ट है। दस साल में आपने कोई काम नहीं किया। मैं आपको बताऊं कि उसी में need for signal agricultural market का सवाल था, गोदाम खोलने का सवाल था। फूड सिक्योरिटी एक्ट बना दिया, उसके लिए पैसे की व्यवस्था करने का सवाल था। वह हमारी सरकार ने किया और उसमें जो सबसे बड़ा पैसा हम दे रहे हैं, वह प्राइस स्टैबलाइज़ेशन फंड के लिए दे रहे हैं।

जब सन् 2014 में माननीय मोदी जी प्रधान मंत्री बने तो उन्होंने प्राइस स्टैबलाइज़ेशन फंड की बात कही। क्योंकि आज जितने लोग चर्चा करते हैं, वे कहते हैं कि पैट्रोल का प्राइस इतना बढ़ गया, पल्स का दाम इतना बढ़ गया, गेहूं का दाम इतना बढ़ गया, चावल का दाम इतना बढ़ गया। इसके लिए जो सबसे बढ़िया तरीका पूरी दुनिया में है, वह प्राइस स्टैबलाइज़ेशन फंड है। सन् 2003 में जब अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार थी, तब हमने उसकी शुरूआत सबसे पहले की थी। रबर और टी-प्लांट, दोनों बहुत नीचे जा रहे थे और उसके लिए सन् 2003 में जब माननीय वित्त मंत्री जी कॉमर्स मिनिस्टर थे, तब इन्हीं के इनिशेटिव

